चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-235, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 2

## एक नजर

### 17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

**चेन्नई।** सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय पुझल कारागार में बंद द्रमुक नेता बालाजी को अभियोजन पक्ष ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली की अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायाधीश बालाजी की उस याचिका पर बुधवार को आदेश सुनाएंगे जिसमें उन्होंने मामले से मुक्त करने की अर्जी पर दोबारा जिरह का अनुरोध किया है। इस मामले में उनकी ओर से दलील देने की अवधि 22 मार्च को समाप्त हो गई थी।

### हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी। साथ ही अगली तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड भी पेश करने का निर्देश दिया।

### प. एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

**मुंबई :** शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही। तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था।

## पीसीएस अधिकारी ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

आजमगढ़, एजेंसी

- पत्नी के निधन के बाद अवसाद में चल रहे थे, गाजीपुर में थे तैनात

जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियों हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।



# इस बार मानसून में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे मेघ

## देश के 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक इस बार जून से सितंबर माह तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसद के बीच बारिश को मौसम विभाग सामान्य से बेहतर मानता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय महापात्र ने सोमवार को बताया कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है। यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में 1 जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर वर्षा 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। बारिश एलपीए का 90-96 प्रतिशत के बीच होती है तो उसे सामान्य से कम माना जाता है।



### इन राज्यों में सामान्य से ज्यादा हो सकती है बारिश

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

- **इन राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान :** छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।
- **यहां सामान्य से कम बारिश का अनुमान :** ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, पारा 42 के पार

**लखनऊ :** मौसम बदलने की संभावनाओं के साथ तापमान तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज रहा। यहां का तापमान 42 डिग्री रहा। सोमवार को प्रदेश के अधिकतर जनपदों का तापमान 34 डिग्री से अधिक रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आगे भी तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। इस बार वर्षा मई माह के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो जाएगी। वर्षा का क्रम दो चरणों में रहेगा। इस बार सामान्य से अधिक होने वाली वर्षा कई वर्षों के रिकार्ड से अधिक रहेगी।

# जो प्रधानमंत्री मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

## मुख्यमंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर है विश्वास
- नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

# 21 सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

## पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। जजों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है।

- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

### डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गयाः कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

# 23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



### आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

### कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

### ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

## चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को कर दिया था रद

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। याचिका में कहा गया कि अदालत ने ऐसे मामले पर अपने विवेक का प्रयोग किया, जो विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि न्यायालय इस बात पर ध्यान देने में विफल रहा कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार का उल्लंघन करार देते रद किया था।

## अमानतुल्ला की याचिका रद, ईडी के समक्ष पेश हों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आप विधायक अमानतुल्ला खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर विचार से सोमवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे ईडी के सामने पेश होने को कहा। पीठ ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के फैसले पर असहमति जताई। ओखला से विधायक खान ने जमानत अर्जी एक मार्च को निचली अदालत के रद करने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था।

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग का मामला

## मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्ध को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

- लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी

महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है।

### बाइक के मालिक से पूछताछ

अभिनेता के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है, जिसके बाद अपराध शाखा की टीम वहां गई और वाहन मालिक व दो अन्य को पूछताछ के लिए ले आई।

## योगी और कंगना पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचारः** वजीरगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर ने सीएम योगी व अभिनेत्री कंगना रानौत का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल डाल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वजीरगंज के परसिया गांव निवासी शिवशंकर ने फेसबुक पर शिवशंकर यदुवंश के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी है। उसने खुद को यादव संगठन का महासचिव व वीर अहीर सेन निर्माण का जिला सचिव लिख रखा है। शिवशंकर ने सीएम योगी व कंगना रानौत का अभद्र पोस्टर बनाकर उसे फेसबुक पर पोस्ट किया था। साथ ही कंगना से मंडी (हिमाचल प्रदेश) का भाव पूछा था। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी का महिला वेष में अभद्र पोस्टर बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा एक्शन प्लान का 26 जिलों से मांगा हिसाब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गंगा ग्रामों में खर्च राशि का ऑडिट के साथ देना होगा उपभोग प्रमाण
- नदी से सटे जिलों में कराए थे ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

**अमृत विचार :** गंगा एक्शन प्लान के तहत 26 जिलों के गंगा ग्रामों को स्वच्छ बनाने में खर्च धनराशि का केंद्र ने हिसाब मांगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत नदी किनारे गंगा ग्रामों में क्या काम हुए, कितनी धनराशि खर्च हुई व कितनी शेष है। यह संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ देना है। क्योंकि, कहीं अधूरे कार्य तो कहीं लाभार्थियों को योजना का लाभ न मिलने के कारण हिसाब नहीं दिया है। साथ ही 2023-24 में खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र भी मांगा है। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने समय-समय पर करोड़ों रुपये दिए थे। केंद्र और राज्य अंश का अलग-अलग हिसाब देना है। रिपोर्ट में किसी तरह का अंतर न आए यह पंचायती राज निदेशालय ने हिदायत दी है। जो निदेशालय में ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट का परीक्षण करेगा और केंद्र को भेजेगा।

> तीन जिलों में कुछ शौचालयों की धनराशि बकाया है। इसका समाधान करा रहे हैं। संबंधित जिलों से ऑडिट रिपोर्ट और खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र मांगा है। जो शीघ्र ही केंद्र को भेजेंगे। - **राज कुमार**, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उप्र

### प्रयागराज, हरदोई, मुजफ्फरनगर में फंसी पहली किस्त

गंगा एक्शन प्लान के तहत गांवों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कराए गए हैं। इसमें साफ-सफाई, नाली निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय, आरआरसी सेंटर आदि शामिल हैं। जिनके इस्तेमाल से नदी में सीवेज, कूड़ा, गंदा पानी, कृषि के अपशिष्ट आदि का प्रवाह रोकना है। इसमें व्यक्तिगत शौचालय मुख्य हैं। इनके लाभार्थियों का चयन पूर्व में हुआ था और सबसे अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन, प्रयागराज, हरदोई और मुजफ्फरनगर में कुछ लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की पहली किस्त नहीं मिल पाई है तो किसी की दूसरी बकाया है। इस वजह से उपभोग प्रमाणपत्र और ऑडिट प्रभावित है।

**29** जनपद **1004** ग्राम पंचायत **1605** राजस्व ग्राम

**गंगा एक्शन प्लान में यह जिले:** अमरोहा, बलिया, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव व वाराणसी।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 357 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357



272



251



248



245



## खेल डायरी

### माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

### जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

### बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

### विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

### भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

**अगस्ता।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

# हैदराबाद ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 288 रनों का लक्ष्य मिला, हैदराबाद के हेड ने शतक और क्लासेन ने अर्धशतक लगाया





ट्रेविस हेड

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक समेत अपने बल्लेबाजों के धुंआधार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये। सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

ट्रेविस हेड ने टीम को शानदार शुरूआत देते हुए 41 गेंद में 102 रन बनाये जिसमें नौ चौके और आठ छक्के शामिल थे। इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। शर्मा ने 22 गेंद में 34 रन बनाये। इसके बाद हेड और हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाये जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल थे। हेड ने आरसीबी के तेज गेंदबाजों रीसे टॉपली और ग्लेन मैक्सवेल की जगह उतरे लॉकी फर्ग्युसन की जमकर धुनाई की। आरसीबी के लिये पदार्पण कर रहे फर्ग्युसन ने पहले ही ओवर में 18 रन दे डाले। उनकी पहली गेंद पर हेड ने स्क्वेयर लेग के ऊपर से छक्का लगाया। अगली गेंद उन्होंने शॉर्ट डाली लेकिन हेड ने मिड ऑन पर छक्का लगा दिया। इस बीच शर्मा को टॉपली ने स्कवेयर लेग पर फर्ग्युसन के हाथों लपकवाया। हेड ने तेज गेंदबाज विजय कुमार विशाख को चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। वह हालांकि फर्ग्युसन की गेंद पर मिड आफ में फाफ डु प्लेसी को कैच देकर पवेलियन लौटे। इसके बावजूद रनगति कम नहीं हुई। क्लासेन ने 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बायें हाथ के आफ स्पिनर महिपाल लोमरोर के एकमात्र ओवर में 18 रन निकाले। क्लासेन को विशाख ने फर्ग्युसन के हाथों लपकवाया। इसके बाद एडेन मार्करम और अब्दुल समद ने मिलकर 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। समद ने सिर्फ दस गेंद में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 37 रन बनाये जबकि माक्ररम 17 गेंद में 32 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 56 रन जोड़े।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### हैदराबाद : 287/3

| | |
|---|---|
| अभिषेक का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 |
| हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 |
| क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 32 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 |

**अतिरिक्त** : 15 रन

**गेंदबाजी** : जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0





हेनरिच क्लासेन

# ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

# अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# 'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

# बॉलीवुड हलचल

## भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।



## फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफिलक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।



## श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोगनीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौटा प्रथम गांव निवासी श्याम सिंह पुत्र नोखेलाल (24) की ट्रेन की चपेट में आने मौत होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### वैन ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड पर वैन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। औरैया जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के दूरदर्शनपुर गांव के मानसिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी सीता और साली नीतू के साथ बाइक से मूसानगर जा रहे थे। भोगनीपुर के हलधरपुर के पास मुगल रोड पर वैन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों लोग घायल हो गए।

### साइकिल बचाने में फिसली बाइक, महिला घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र के सुजगवां के अनिल शाह ने बताया कि वह अपनी मां शीतल शाह को इलाज के लिए घाटमपुर ले गया था। लौटते समय सुजगवां गांव के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक फिसल गई, जिससे बुजुर्ग मां घायल हो गई। सीएचसी में डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सीएचसी में पंखा गिरने से महिला समेत दो घायल

**पुखरायां।** सीएचसी में सोमवार को कमरा नंबर 9 में हड्डी रोग विशेषज्ञ मरीजों को देख रहे थे, उसी समय छत का पंखा गिरने से दो लोग घायल हो गए। बताते हैं कि पंखे का बोल्ट कट जाने के कारण हादसा हुआ, जिसमें मूसानगर थाना क्षेत्र के फतेपुर सब्जी मंडी की सीमा देवी पत्नी श्री किशन और भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अहरोली निवासी रिजवान घायल हो गए।

### जहरीला कीड़ा काटने से दुकानदार की हालत बिगड़ी

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र के कंचनमढ़ी मोड़ के पास सैलून में सफाई के दौरान दुकानदार शाहरूख को जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ने पर लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कॉलेजों में हर माह छात्रों को देना होगा टेस्ट

## माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से नए सत्र का शैक्षणिक कैलेंडर जारी, पढ़ाई में होगा गुणात्मक सुधार

कार्यालय संवाददाता,देहात कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से नए सत्र का शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। नए सत्र से कुछ व्यवस्थाएं बदल जाएंगी। खास बात यह है कि सभी इंटर कॉलेजों में हर महीने छात्रों को टेस्ट देना अनिवार्य होगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि यह टेस्ट बच्चों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी का एक पैमाना होगा। इसके अलावा नए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कक्षा नौ से 12 तक हर छात्र की कॅरियर सलाह के रूप में काउंसिलिंग भी कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सत्र 2024-25 के लिए जारी नए शैक्षणिक कैलेंडर के मुताबिक स्कूलों में मई के दूसरे सप्ताह में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद हर महीने मासिक टेस्ट कराए जाएंगे। इस मासिक टेस्ट में बच्चों को कक्षाओं में कराई गई पढ़ाई के अनुसार बहुविल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इसी तरह जुलाई के अंतिम सप्ताह में बच्चों को वर्णानात्मक आधार पर टेस्ट देना होगा।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि कक्षाओं में बहुविल्पीय और वर्णानात्मक प्रश्नों के उत्तर देने से छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में मदद मिलेगी। टेस्ट के साथ ही बोर्ड परीक्षा की भी तैयारी होती रहेगी। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में गुणात्मक सुधार लाने के लिए टेस्ट प्रक्रिया अपनाई गई है। यूपी बोर्ड परीक्षा में इन्हीं दोनों तरह के प्रश्न आएंगे। टेस्ट में नंबर कम आने पर छात्र अपनी कमियों को दूर कर सकेंगे और समय रहते तैयारी कर सकेंगे।

कक्षाओं में होने वाले मासिक टेस्ट के अंकों के आधार पर छात्रों के शैक्षिक स्तर का आकलन हो सकेगा। बच्चों को पूरे साल उसी के अनुसार पढ़ाई कराई जा सकेगी। नए शैक्षणिक कैंलेडर को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक का कहना है कि जिले के सभी स्कूलों को विभाग की ओर से शैक्षणिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार पढ़ाई पर निगरानी भी कराई जाएगी, ताकि कैलेंडर के अनुसार व्यवस्था पुख्ता रहे।

### जनवरी तक पूरा करना होगा पाठ्यक्रम

नए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार स्कूलों को जनवरी महीने तक अपना पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। फरवरी 2025 में 10वीं और 12वीं की यूपी बोर्ड परीक्षाएं संचालित कराई जाएंगी। यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 जनवरी से शुरू की जाएंगी। इस बीच छात्र-छात्राओं के बीच स्कूलों की ओर से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित कराई जाएंगी।

### नई व्यवस्था




- **नए सत्र से पढ़ाई में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए**
- **बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए टेस्ट किया गया जरूरी**

### नए कैलेंडर की खास बातें

- सभी कॉलेजों में हर महीने छात्रों का टेस्ट अनिवार्य होगा।
- मई माह के दूसरे सप्ताह में पहला टेस्ट कराया जाएगा।
- यह टेस्ट बोर्ड परीक्षा की तैयारी का एक पैमाना होगा।
- कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों की कॅरियर काउंसिलिंग होगी।
- मासिक टेस्ट में छात्रों को बहुविल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
- जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में वर्णानात्मक आधार पर टेस्ट होगा।

### छात्रों की कॅरियर काउंसिलिंग भी होगी, 'पंख' पर कराया जाएगा पंजीकरण

नए सत्र से स्कूलों में छात्रों की कॅरियर काउंसिलिंग भी कराई जाएगी। इस काउंसिलिंग में छात्र-छात्राओं को उनके कोर्स के अनुसार कॅरियर के बारे में बताया जाएगा। छात्रों को स्टार्टअप के लिए भी जागरूक किया जाएगा। छात्रों की रुचि को निखारने के लिए कौशल विकास के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। छात्र-छात्राओं का कॅरियर गाइडेंस पोर्टल 'पंख' पर पंजीकरण भी कराया जाएगा।

# सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा को जुटे श्रद्धालु



मां मुक्तेश्वरी मंदिर में लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** चैत नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा- अर्चना की गई। यमुना तट पर स्थित मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। दर्शन-पूजन के साथ दिन भर जयकारे गूंजते रहे।

पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में नवरात्र के सातवें दिन माता के भक्तों की खासी भीड़ रही। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने मां के सप्तम स्वरूप कालरात्रि के रूप में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने माता को पूड़ी हलवा का भोग लगाया। जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी ने बताया कि मुक्तेश्वरी मंदिर पुरातत्व विभाग की धरोहर है। यहां सेंगुर और यमुना नदी का संगम स्थल है। समिति के बउआ शुक्ला, गयाराम निषाद, हुबलाल पाल, अवधेश अवस्थी, रमेश गौतम, नितिन द्विवेदी, सोहनलाल निषाद, केशव मिश्रा, विनोद कुमार, महेश शुक्ला, अशोक देवा व्यवस्था में लगे रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल सजा

संवाददाता, कानपुर देहात

- **फैक्ट्री में काम करने वाली युवती से हुआ था रेप**
- **साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी को कोर्ट ने किया बरी**

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर फैक्ट्री एरिया में काम करने वाली एक युवती के साथ वहीं के ठेकेदार ने ओवरटाइम के बहाने रोककर दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला जज एफटीसी प्रथम सुरेन्द्र सिंह ने सोमवार को एक आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और उस पर अर्थदंड भी लगाया। एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चैहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अकबरपुर क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि वह जैनपुर की एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है। 20 दिसंबर 2019 को वह ड्यूटी खत्म होने के बाद घर आने को तैयार हुई, तो कानपुर नगर के बर्रा चार निवासी ठेकेदार रोहित यादव ने उसे ओवर टाइम के बहाने रोक लिया और कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके साथी गोविंद नगर कैप्टन विहार निवासी अजीत पाल ने वीडियो बना लिया और किसी को बताने पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना कर दोनों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए। सोमवार को अपर जिला जज एफटीसी प्रथम सुरेन्द्र सिंह ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी रोहित यादव को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अजीत पाल को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है।

### शादी का झांसा देकर दुराचार

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिबियापुर थाना क्षेत्र का अरुण कुमार पिछले पांच वर्षों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। गुरुवार की रात चुपचाप घर आया। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसे पकड़ लिया गया। जब परिजनों ने शादी करने की बात कही तो अरुण ने इंकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# आरोपी श्यामू ने कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

### बिकरू कांड

- **अर्जी पर 25 अप्रैल को सुनवाई करेगी एंटी डकैती कोर्ट**

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बिकरू कांड में आरोपी श्यामू बाजपेई की ओर से अधिवक्ता ने एंटी डकैती कोर्ट में सोमवार को जमानत अर्जी दाखिल की है, जिस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तिथि नियत की है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने विकास दुबे सहित छह बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया था। कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

इस मामले में जेल में बंद आरोपी श्यामू बाजपेई की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने सोमवार को एंटी डकैती कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सीपी शुक्ला और गोविंद द्विवेदी ने बताया कि अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तिथि नियत की है। अर्जी पर सुनवाई के बाद जमानत पर फैसला होगा।

## सार-संक्षेप



स्मृति चिह्न भेंट करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने स्मृति चिह्न देकर जजों को दी विदाई

**कानपुर देहात।** जनपद न्यायालय से दूसरे जनपद स्थांतरित किए गए न्यायिक अधिकारियों को विदाई समारोह में अधिवक्ताओं ने स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी। अपर जिला जज बाकर शमीम रिजवी व अपर जिला जज रवि यादव के साथ ही सिविल जज सीनियर डिवीजन तौसीफ रजा, नेहा बनौदिया, सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रेतिका उपाध्याय व मोहम्मद फराज हुसैन का स्थानांतरण हो गया है। अंतिम कार्य दिवस में अधिवक्ताओं ने विदाई समारोह आयोजित कर न्यायिक अधिकारियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न व बुके देकर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर जिला जज जय प्रकाश तिवारी सहित सभी न्यायिक अधिकारी व एकीकृत बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राधेश्याम कटियार, महामंत्री संजय सिंह सिसौदिया, जिला बार एशोसियेशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव,महामंत्री अमर सिंह भदौरिया,संपत लाल यादव , रवींद्र नाथ मिश्र , रमेश सिंह गौर, अशोक श्रीवास्तव, घनश्याम सिंह राठौर आदि रहे।

### गरीब बच्चों को इग्नू देता पढ़ाई का मौका

**पुखरायां।** कस्बे के रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र में नया प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के साथ परिचय बैठक हुई, जिसमें क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की सहायक निदेशक डॉ. रीना कुमारी ने विद्यार्थियों से परिचय लेते हुए कहा कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा का एक ऐसा विश्वविद्यालय है, जो ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ढाई सौ से अधिक कोर्स उपलब्ध करा रहा है। इसका उद्देश्य जहां एक ओर राष्ट्रीय उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करना है, वहीं राष्ट्रीय विकास में विद्यार्थियों के माध्यम से योगदान सुनिश्चित कराना है। विद्यार्थियों को इग्नू के कोर्सेज में प्रवेश लेने के लिए वेबसाइट का प्रयोग करना है। अध्ययन करके विद्यार्थी अपने भविष्य को कैसे उज्जवल बनाएंगे, इसके संबंध में चर्चा की। उन्होंने लोकतंत्र के महा उत्सव (आम चुनाव) में विद्यार्थियों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के वे बच्चे जो समय अथवा धनाभाव के कारण नियमित कोर्स में प्रवेश नहीं ले पाते हैं, उनके लिए इग्नू सुनहरा अवसर है। बैठक में डॉ. रमणीक श्रीवास्तव, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अंशुमान उपाध्याय, डॉ. इदरीस खान, डॉ. शिवनारायण यादव, संजय कुमार, आशीष कुमार, इंद्रजीत सिंह, रवि राज, डॉ. पर्वत सिंह आदि उपस्थित रहे।




दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं निदेशक।

### प्रभु कृष्णा की तरह निभाना चाहिए मित्र धर्म

**रूरा।** क्षेत्र के अंबरपुर गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन सोमवार को कथा व्यास पूनम किशोरी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए? यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, प्रभु कृष्ण सुदामा.. सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे और सामने सुदामा सखा को देखकर अपने सीने से लगा लिया।

### शिक्षक पर गाली देने का आरोप, वीडियो वायरल

**मंगलपुर।** संदलपुर ब्लॉक के संविलियन स्कूल के एक शिक्षक का गांव के एक पारिवारिक विवाद में हस्तक्षेप करने का वीडियो वायरल हो रहा है। शिक्षक पर बेटे के साथ मारपीट और महिला से गालीगलौज का आरोप लग रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। यह मामला पल्हनापुर का बताया जा रहा है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# ई रिक्शा की टक्कर से अधेड़ की गई जान

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** पेंटिंग का काम कर अपने घर जा रहे अधेड़ को एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मौत से कोहराम मच गया।



जयहिंद सिंह।

थाना क्षेत्र के किशुनपुर निवासी जयहिंद सिंह (56) अविवाहित था। वह पेंटिंग का कार्य कर अपना भरण पोषण करता था। रविवार की रात वह काम कर अपने घर जा रहा था, तभी भटौली के मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ई रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही भाई सरनाम मौके पर पहुंचा और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दरोगा राजेश यादव ने सोमवार को पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सरकार ने अपने सारे वादे पूरे किए

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीजेपी ने संकल्प पत्र को जनता के बीच पहुंचने के लिए प्रेसवार्ता का आयोजन पार्टी कार्यालय माती में किया। इस दौरान प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में अभी तक जितने वादे किए थे, उनको पूरा किया है। बीजेपी जो भी वादे करती है, उन्हें पूरा करती है। नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में हर क्षण भारत को श्रेष्ठ बनाने की दिशा में कार्य किया है। इस संकल्प यात्रा में 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है। आम लोगों के सुझाव के आधार पर बीजेपी का संकल्प पत्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों तक मुफ्त में राशन योजना लागू रहेगी। बीजेपी सरकार ने गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर बनाए हैं। सरकार ने तीन करोड़ पक्के घर बनाने का संकल्प लिया है। हर घर नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। घरों में पीएम सूर्यघर बिजली योजना प्रारंभ की जाएगी, जिससे बिजली बिल शून्य होगा। यहां जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

### बदलेगी तस्वीर

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से नहीं मिला कोई सहयोग, भक्तों ने आपस में चंदा कर उठाया कदम

# बाणेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आए भक्त

संवाददाता, रूरा

**अमत विचार।** क्षेत्र के बनीपारा जिनई स्थित पौराणिक बाणेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी की ओर से शासन-प्रशासन से मंदिर जीर्णोद्धार के लिए कई बार गुहार लगाई, लेकिन शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई सहयोग नहीं मिलने पर भक्त आगे आए और आपस में चंदा कर जीर्णोद्धार के लिए कदम बढ़ाया है। जीर्णोद्धार के लिए भक्तों ने आपस में चंदा कर धनराशि जुटाई है। सोमवार को क्षेत्रीय लोगों ने मिलकर जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया।



मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन करते भक्त। अमृत विचार

बाणेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक सोमवार और फाल्गुन माह में शिवरात्रि पर्व से 15 दिन तक मेला का आयोजन होता है। शिवरात्रि के पर्व पर लाखों भक्त कांवड़ लेकर आते हैं और दर्शन कर मन्नत मांगते है। महाभारत कालीन पौराणिक मंदिर होने के बावजूद जिले के सांसद, विधायक और मंत्री ने इस मंदिर के जीर्णोद्धार पर ध्यान नहीं दिया। मंदिर का मुख्य द्वार एक साल पहले इतना जर्जर हो गया था कि अपने आप ढह गया।

मंदिर के पुजारी हरिमोहन ने मंदिर के मुख्य द्वार के निर्माण के लिए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटे, लेकिन नतीजा शून्य रहा। युवा अनुज सविता ने दो साल लगातार शासन-प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री को पत्र लिखे और मंदिर के जीर्णोद्धार की आवाज उठाई। कड़ी मशक्कत के बाद मंदिर की बागडोर धर्मार्थ विभाग को सौंपी गई। पुरातत्व विभाग की प्रमुख सचिव रेनू द्विवेदी ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए धन आवंटन को धर्मार्थ विभाग को पत्राचार किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद धन आवंटित होगा, जिससे मंदिर का पूर्ण जीर्णोद्धार होगा।

क्षेत्र के लोगों ने जय बाबा बाणेश्वर समिति गठित कर सोमवार को विधि-विधान से पंडित प्रदीप मिश्रा से पूजन कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया है। प्रधान रोहित सिंह ने बताया कि मंदिर के भव्य गेट का निर्माण, मंदिर के मुख्य मार्ग पर टीनशेड, मुख्य मार्ग पर टाइल्स, यज्ञशाला, धर्मशाला सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे, जिसमें क्षेत्र के सभी भक्तों का सहयोग रहेगा। भूमि पूजन के दौरान सत्येंद्र भदौरिया, शत्रुघ्न सिंह, रोहित सिंह, सतेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

**रूरा।** कस्बे के एक युवक ने न्यायालय में गुहार लगाकर आधा दर्जन लोगों पर लूट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बे के गोपाल तिवारी ने बताया कि बीती तीन मार्च को शाम करीब पांच बजे मऊ आजमगढ़ निवासी जय शंकर यादव, मंशा यादव व चार अन्य लोग मेडिकल स्टोर आए और बुखार की दवा मांगी। उन्होंने दवा का पर्चा मांगा तो उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और मेडिकल स्टोर से दवा उठाकर बाहर फेंकने लगे। उसी समय आसपास के लोग आ गए और मंशा यादव को पकड़कर थाने ले गए, जहां उसे हिदायद देकर छोड़ दिया गया। मेडिकल स्टोर की गोलक से 15 हजार रुपये जयशंकर लूट ले गया।

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत

## हुसेनगंज के 12 मील के पास हुआ हादसा, परिजनों मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर से विद्यालय जाने के लिए निकली स्कूटी सवार एक शिक्षिका सोमवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गई। हुसेनगंज के जमरावा के पास बेकाबू ट्रक की टक्कर से शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



स्वाती मौर्य।

शहर के देवीगंज स्थित हरगनपुर निवासी रमेश चंद्र मौर्य की बेटी स्वाती मौर्य भिटौरा ब्लाक के पूरेसूदा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थीं। रोज की तरह सोमवार सुबह वह विद्यालय जाने के लिए स्कूटी से घर से निकली थीं, तभी वह 12 मील के पास ही पहुंची थीं कि तभी पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका गिर कर ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर उनकी मदद के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।



घटनास्थल पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

### बांदा से ट्रांसफर लेकर आईं थीं गृहजनपद

शिक्षिका स्वाती मौर्य 69 हजार की भर्ती में बांदा जनपद में शिक्षिका के तौर पर तैनात हुई थीं। आठ माह पूर्व हुए ट्रांसफर के दौरान वह ट्रांसफर लेकर गृहजनपद आई थीं। यहां उनकी तैनाती भिटौरा ब्लाक के पूरसूदा गांव के प्राथमिक विद्यालय मंन हुई थी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**थरियांव।** कस्बा निवासी सुनील कुमार गौतम पुत्र रामसरन गौतम रतिपुर गांव स्थित अपने खेत से वापस घर लौट रहा था। तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास ट्रैक्टर की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**थरियांव।** मलवां थाना क्षेत्र के गड़रियनपुरवा गांव निवासी राजेन्द्र पुत्र मोहन सोमवार को बाइक से खागा जाने के लिए निकला था। तभी वह बिलंदा हाईवे के पास आनंदी माता मंदिर के सामने पहुंचा था तभी गलत दिशा से आ रहे लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सड़क हादसों में साले-बहनोई समेत छह घायल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुए सड़क हादसों में साले-बहनोई समेत छह लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

असोथर थाना क्षेत्र के कौंडरपुर गांव निवासी मोतीलाल व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी गिरधारी लाल दोनों साले-बहनोई बाइक पर सवार होकर खागा कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव गए थे। वहां से वापस अपने गांव लौटते समय थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर और उसरैना के बीच उनकी बाइक को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे रोड पर गिरकर दोनों साले-बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करके डाक्टर ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इसी तरह कल्यानपुर जनपद के ठाठिया थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी बशीर अहमद का पुत्र इशराइल फतेहपुर जनपद में ब्लाक कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत है। मौजूदा समय में वह खखरेरू कस्बे में किराए के मकान में निवास कर रहा है। रविवार की शाम वह हेलमेट खरीद कर वापस अपने आवास पर जा रहा था। तभी कस्बे में ही दूसरा बाइक सवार उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे ब्लाक कोऑर्डिनेटर इसराइल रोड पर गिरकर घायल हो गया। उधर, जाफरगंज थाना क्षेत्र के महादेवन का पुरवा गांव निवासी सुरेश कुमार का पुत्र प्रदीप कुमार रविवार की शाम घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के तरवापुर बस्ती के समीप पहुंचा तभी पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया,जिससे प्रदीप कुमार घायल हो गया। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रामशरण का पुत्र सुनील कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर पहुंचा तभी ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी तरह खागा कोतवाली क्षेत्र के संसारपुर गांव निवासी बच्छराज का पुत्र घनश्याम बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर गांव गया था। तभी दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें घनश्याम घायल हो गया। सभी घायलों को सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी का उपचार किया जा रहा है।




### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की चली गई जान

**फतेहपुर।** चलती ट्रेन से यात्री की गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झारखंड प्रांत के गिरडीह जनपद के बंगाबाद थाना क्षेत्र के दालगंदो निवासी स्व. राजमन पंडित का पुत्र झगड़ू पंडित अपनी मां के साथ ट्रेन पर सवार होकर झारखंड से गुजरात जा रहा था। जब ट्रेन फतेहपुर जनपद के फैजुल्लापुर रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची तभी वह चलती ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 50 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 50 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# 'माई यूं ही न मार मुझे, दे जीने का अधिकार मुझे'

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

- तारापुर में बाबा साहेब को समर्पित हुआ कवि सम्मेलन
- गैरजनपदों से आए कवियों ने सुनाई अपनी-अपनी रचनाएं

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तारापुर असवार गांव में संविधान शिल्पी ज्ञान के प्रतीक बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें कवियों ने बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित रचनाओं के साथ-साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अधिक से अधिक मतदान संबंधी रचनाएं भी प्रस्तुत की।

कवि सम्मेलन का संचालन लगभग ढाई दर्जन किताबें लिख चुके जाने-माने रचनाकार सत्येंद्र पटेल प्रखर ने किया। कार्यक्रम के पूर्व महात्मा बुद्ध, ज्योतिबा राव फुले एवं बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत उन्नाव से पधारे मानसिंह मान की बुद्ध वंदना से हुई। कवि पटेल प्रखर ने पढ़ा कि भीम आए तो वतन दे गए, भाव समता जगाना जतन दे गए, हम पढ़ेंगे लड़ेंगे जो हक के लिए, न्याय सबको मिलेगा वचन दे गए। कवि एवं शायर शिव शरण बंधु ने सुनाया कि दलित हमारे देश में झेल रहे संताप, हम बिस्तर तो पुन्य है लेकिन चुन पग पग पर अपमान थे, पग पग पर संत्रास, बाबा साहब ने रचा पीड़ा का इतिहास। कवि डॉक्टर मान सिंह मान ने पढ़ा कि मैं वो गीत नहीं जो गाए जाते हो दरबारों में, मैं वो साज नहीं जो बजता हो कोठी-चौबारों में, मैं झूठ को झूठ और सच को सच कहने वाला हूं, मेरी कलम सदा लिखेगी, क्रांति कथा अंगारों में। प्रतापगढ़ से आए लवलेश यदुवंशी ने सुनाया कि राष्ट्रीय झंडे तिरंगे को सजाए रखना, बाबा साहब का हंसी हिंद बचाए रखना, आज बाबा की जयंती पे निवेदन मेरा, अपने संविधान की गरिमा को बनाए रखना। वहीं रायबरेली से पधारे जाने-माने हास्य कवि संदीप शरारती ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

किसी की मीठी बातों पर कभी विश्वास मत करना, यूं मीठा बोलने वाले ही तीखा दर्द देते हैं। वहीं रायबरेली से ही आईं कवयित्री सानिया सिंह पांखी ने भ्रूण हत्या पर गीत सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सुनाया कि माई यूं न मार मुझे, दे जीने का अधिकार मुझे, इस प्यारी-प्यारी दुनिया का कर लेने दो दीदार मुझे। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस के पीटने का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** रविवार को आंबेडकर जयंती के दौरान निकली शोभायात्रा के दौरान बाइक सवार युवकों को पुलिस ने पीट दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि हसवा चौकी इंचार्ज का होटल संचालक को पीटने का मामला शांत नहीं पड़ा कि अब सदर कोतवाली के कचहरी चौकी पुलिस का संविधान निर्माता की शोभायात्रा में बाइक सवार दो युवकों को पीटने का मामला सामने आ गया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शोभायात्रा में शामिल बाइक सवार की मामूली सी बात को लेकर बाइक सवार युवकों को पुलिस पीटती नजर आ रही है। अब बात सोचने की बात है कि संविधान निर्माता की शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए और बाइक से भ्रमण कर रहे थे तभी बीच रोड में खड़े दरोगा जी को मामूली धक्का लग जाता है और उनका चश्मा गिर जाता है जिससे नाराज दरोगा जी बाइक सवार युवक को पीट देते हैं। मामले में सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच की जाएगी।



शोभायात्रा के दौरान युवक से सिपाही की झड़प हुई थी। अमृत विचार

- डॉ.भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा के दौरान युवक की हुई थी पिटाई

# सांसद ने रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** शहर के आईटीआई रोड स्थित अमित स्वीट एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने फीता काटकर किया। संचालक अमित गुप्ता तथा अनुराग उर्फ शीलू ने बताया कि बर्थडे पार्टी, इंगेजमेंट व अन्य शुभ कार्यक्रम वातानुकूलित हाल में अच्छी तरीके से किया जा सकते हैं। साथ ही एक ही स्थान पर तरह-तरह के व्यंजनों का ऑर्डर देकर लोग सुकून से बैठकर आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर जीतू गुप्ता, रूपेश गुप्ता, अंकित श्रीवास्तव, उमाशंकर शर्मा, अर्पित श्रीवास्तव,टोनी सिंह, आनंद मान सिंह, विक्रम, स्वरूप राज सिंह जूली, भारत श्रीवास्तव,विवेक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



रेस्टोरेंट का उद्घाटन करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

# शिक्षा से जीवन में आता है उजाला

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर स्थित आरएसजी इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, पालिका अध्यक्ष राधा साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में रिजल्ट एवं प्राइस डिस्ट्रिब्यूशन भी हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राधा साहू ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि शिक्षा से जीवन में उजाला आता है। बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए तभी जीवन में उनको सफलता मिल सकती है। विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने भी बच्चों से अधिक से अधिक पढ़ाई करने को कहा। कॉलेज के मेधावी छात्राओं को उनका रिजल्ट एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रबंधक रमाकांत गुप्ता, प्रधानाचार्य रन्नो गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, बलराम सिंह चौहान, सत्यम अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बच्चों को प्रतिपत्र और पुरस्कार देते अतिथि। अमृत विचार

## एक नजर

### गैंगस्टर के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने खैरई गांव निवासी नईम उर्फ गुटकुल पुत्र मोहम्मद नसीम और मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद नसीम के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसके बाद से दोनों फरार चल रहे थे। सोमवार को पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

### एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिए चुनावी दिशा- निर्देश

**फतेहपुर।** पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण चुनाव ड्यूटी में लगे, गैर जनपद रवाना होने वाली पुलिस बल की पुलिस अधीक्षक द्वारा सोमवार को ब्रीफिंग कर दायित्वों का बोध कराया गया। उन्होंने सकुशल चुनाव संपन्न कराने व निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ जाफरगंज, सीओ यातायात सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसिलिंग की कार्यवाही में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह, उप निरीक्षक कीर्ति गुप्ता व काउंसिलिंग सदस्य मधु शर्मा, सुरेश चंद्र जायसवाल, मोहम्मद जावेद द्वारा काउंसलिंग कराते हुए दो मामलों में समझौता कराया गया। इस दौरान मुख्य आरक्षी उमेश कुमार सिंह, महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा, ममता शर्मा मौजूद रहीं।

### एंटी रोमियो टीम ने भ्रमण कर किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर सोमवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# खेत-खलिहान की लड़ाई में दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी जीतू शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले परिवार के ही कुछ लोग दबंगई पर उतारू है हर दिन खेत खलियान व पुस्तैनी जमीन को लेकर मारपीट करते है। हद तो तब हो गई जब जान माल की धमकी देकर आए दिन घर निकासी व अन्य तरह की धमकियां दी जाती है।

बताया कि खेत में खड़ी अरहर की फसल को राजेश शुक्ला, पत्नी अनुपम देवी व संतोष जबरन काट रहे थे तभी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची माता कमला देवी ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने माता कमला देवी को गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। जिसके खिलाफ स्थानीय थाना में शिकायती पत्र भी दिया गया था। मामले को लेकर जीतू शुक्ला पुत्र महेश शुक्ला निवासी वार्ड नंबर आठ अहिल्या बाई होलकर ने बताया की अकेला पाकर उसे राजेश शुक्ला, संतोष गर्ग, अनुपम देवी पत्नी राजेश शुक्ला व सरला देवी पत्नी संतोष गर्ग ने अचानक मुझे गाली गलौज करने लगे। मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की पारिवारिक मामला है जो संज्ञान में आया है जिसको लेकर दोनों पक्षों के खिलाफ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई है।

# रामकिशोर पाल पीडीएम गठबंधन से प्रत्याशी बने

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- सरकारी नौकरी छोड़ ज्वाइन की थी राष्ट्रीय उदय पार्टी
- थरियांव क्षेत्र के सीतापुर गांव के रहने वाले हैं रामकिशोर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव सीट से पीडीएम गठबंधन की अगुवाई कर रहीं पल्लवी पटेल ने राम किशोर पाल को प्रत्याशी घोषित किया है। उनके प्रत्याशी घोषित होने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

थरियांव थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव के रहने वाले राम किशोर पाल जो कि पीडीएम गठबंधन से प्रत्याशी घोषित हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता व मां का देहांत हो चुका है। वह तीन भाई है, जिनमे बड़े भाई राम कृपाल पाल, इंद्रजीत पाल और सबसे छोटे राम किशोर पाल है। उन्होंने बताया कि वह कानपुर जिले में बीएसएनएल विभाग में ड्राइवर के पद पर तैनात थे। बताया कि उनके भतीजे धर्मेंद्र पाल ने राष्ट्रीय उदय पार्टी ज्वाइन की थी और वह जिलाध्यक्ष हैं। उसी से प्रभावित होकर साल पहले वीआरएस लेकर नौकरी छोड़ दी थी और तीन साल पहले पार्टी ज्वाइन कर जिला महासचिव बन गया। उन्होंने बताया कि वह कक्षा आठ तक पढ़े हैं और मौजूदा समय में खेती किसानी भी करते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में सबसे अहम मुद्दा गाजीपुर कस्बे से ललौली कस्बे तक और गाजीपुर कस्बे से विजयीपुर तक जर्जर सड़क मार्ग को जीतने के बाद सबसे पहले बनवाने का काम करेंगे जायेगा। दस साल जिले में भाजपा की सांसद और केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री ने इस पर प्रयास तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने मुझे मौका दिया तो जिले में शिक्षा को बढ़वा देने के लिए डिग्री कॉलेज खोला जायेगा। स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले ग्रामीणों क्षेत्र में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा बढ़ने का काम होगा।

# छत का एक हिस्सा टूटकर गिरने से पांच जख्मी, भर्ती

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी निभारा मोहल्ला निवासी रशीदा खातून व उसका पुत्र हफीज व सरवर खान की पत्नी हाशमी व उसका पुत्र अहद, अल्तमस सभी रविवार रात को अपने घर के कमरे में सो रहे थे। तभी रात लगभग तीन बजे घर की छत का कुछ हिस्सा टूटकर इन लोगों पर गिर गया। जिससे सो रहे परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। पड़ोसियों ने बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है।


प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


**अग्निशमन सेवा सप्ताह** | अपनी जान जोखिम में डालकर बचाते हैं अग्निशमन कर्मी

# फायर कर्मियों के शौर्य को किया याद

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अग्नि शमन स्मृति दिवस के मौके पर शहीदों को रविवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए थे। बता दें कि 20 अप्रैल तक विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह चलाया जाएगा।

मुख्यालय के फायर स्टेशन में अग्निशमन अधिकारी ने राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस के बारे में जानकारी दी थी। दिवस में बताया कि फायर सर्विस कर्मी हर दिन आग से खेलने का काम करते हैं। अपनी जान जोखिम में डालते हैं और हम बचाते हैं। 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक मुंबई से सेना की विस्फोट सामग्री से भरा फोर्ट स्टीफन के मालवाहक पानी का जहाज लपटों में समा गया था। काबू पाने को मुंबई फायर सर्विस के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और वीरता व साहस का परिचय देकर आग पर काबू पाया। मगर इस मुहिम में 66 बहादुर फायर कर्मी शहीद हो गए थे। इन अमर शहीदों की याद में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। अग्निशमन अधिकारी उमेश कुमार गौतम ने बताया कि 20 अप्रैल तक विभाग के द्वारा लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर फायर स्टेशन कर्मचारियों को फ्लैग पिन किया गया।



फायर स्टेशन परिसर पर परेड कराई गई। अमृत विचार

# आंबेडकर जयंती के विवाद में 100 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रसूलाबाद

- पुलिस की ओर से बिना अनुमति जुलूस निकालने और हंगामा करने के आरोप में केस

**अमृत विचार।** रविवार को आंबेडकर जयंती पर रजपुरवा गांव के अरविंद कुमार ने आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम की अनुमति ली थी, लेकिन सैकड़ों लोगों के साथ जुलूस निकालने लगे। वहां मौजूद एसआई राजेंद्र सिंह ने रोका, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण वे लोग नहीं माने और पार्टी विशेष के पक्ष में नारेबाजी करते हुए मोनू यादव के खेत पर जाकर आंबेडकर प्रतिमा रख दी और झंडा गाड़ दिया।

पुलिस मौके की नजाकत को भांपते हुए सुनील यादव को थाने ले आई तो अरविंद गांव के सैकड़ों लोगों के साथ थाने पहुंचा और हंगामा करने लगा। वहां मौजूद सपा महिला सभा की प्रदेश महासचिव नीता सचान ने उन लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ये लोग नहीं माने और बाबा साहेब का अपमान करने का आरोप लगाकर उमेश यादव, सुनील यादव, मोनू यादव व मोनी आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग पर अड़ गए। पुलिस ने अरविंद के छोटे भाई गोविंद की पत्नी चांदनी की तहरीर पर उमेश, सुनील, मोनू व मोनी के विरुद्ध गालीगलौज करते हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो पर लात मारने, झंडे तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने व 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कूड़े के ढेर बांट रहे संक्रामक बीमारियां

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी नहीं हो रही फागिंग, नाले-नालियां चोक, लोगों का खून चूस रहे मच्छर

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जगह-जगह कूड़े के ढेर, बजबजाती नालियां, सड़कों पर भरा गंदा पानी संक्रामक बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। यह हाल तब है, जब एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो चुका है।

कौंडर ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्राम पंचायत के मुख्य चौराहे, अपशिष्ट प्रबंधन मार्ग सहित जानिकपुर आदि मजरों व प्रत्येक सड़कों पर कूड़े का उठान भी समय से नहीं किया जाता। पानी निकास वाले नाली-नाले भी गंदगी से पटे पड़े हैं। मच्छरों से ग्रामीणों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मचारी कभी कभार एक आध कुछ जगहों पर ही सफाई करते दिखाई देते हैं। प्रधान और एडीओ पंचायत अशोक कुमार की मिली भगत से संचारी अभियान को पलीता लगाया जा रहा है।

**सड़क किनारे कूड़ा, नालियां गंदगी से पटीं :** ग्राम पंचायत में कई स्थानों पर सड़क किनारे कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। ग्राम पंचायत में राम प्रताप वर्मा के घर को जाने वाली सड़क पर अपशिष्ट प्रबंधन परिसर के सामने और सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियों में कचरा फंसा होने से नालियां बजबजा रहीं हैं, साथ ही साफ-सफाई नहीं कराई जाती। यहां गंदगी और बड़ी-बड़ी घास उगी हुई है। मैदान में खेलने वाले और बेंच पर बैठने वाले को मच्छर परेशान कर देते हैं। ग्राम पंचायत और स्वास्थ्य विभाग ने अब तक फागिंग कराना तक जरूरी नहीं समझा है।



गांव में खाली स्थान पर पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

"दो सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति है। फागिंग कराई जा रही है। जिन मोहल्लों में फागिंग नहीं हुई, इसका पता कराकर वहां कराएंगे। नालियां यदि चोक और गंदगी से पटी हैं, तो जांच पड़ताल करवाया जाएगा। समस्या का समाधान किया जाएगा।

–अशोक कुमार, एडीओ पंचायत असोथर

आयुष्मान केंद्र के परिसर में साफ–सफाई की जिम्मेदारी विभाग की है। जहां पर गंदगी होगी, उसे साफ कराया जाएगा। कर्मचारियों को निर्देशित किया जाएगा।

–नीरज गुप्ता, पीएचसी प्रभारी असोथर"

### निर्माण सामग्री सड़क पर डालने से हुआ जलभराव

ग्राम पंचायत में कुछ ग्रामीणों के द्वारा घर निर्माण कराया जा रहा है। काम कराने वाले ग्रामीणों ने नाले में गिट्टी, बालू नाली और रास्ते तक डाल रखी है। गंदा पानी भी सड़क किनारे जमा है। इस पानी में मच्छर पनप रहे हैं। यह पानी आसपास के गृह स्वामियों, दुकानदारों के लिए मुसीबत बना हुआ है। गंदगी से लोगों का रहना और आवागमन मुश्किल हो रहा है।

### अपशिष्ट प्रबंधन परिसर में कूड़ा ही कूड़ा

आयुष्मान केंद्र और अपशिष्ट प्रबंधन परिसर के सामने कूड़े का ढेर लगा रहता है। कूड़े का उठान कई दिनों तक नहीं कराया जाता है। आयुष्मान केंद्र परिसर के पास नाली चोक है और झाड़ियां भी उगी हुई हैं। आमजन को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले विभाग ने अपने ही कर्मचारियों के आवासीय परिसर में सफाई नहीं कराई है। अन्य स्थानों पर भी गंदगी देखी जा सकती है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र के सहिली गांव के समीप रोड किनारे युवक ने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

मलवां थाना क्षेत्र के सहिली गांव निवासी अजय नारायण का पुत्र अमित नारायण ने गांव के समीप रोड के किनारे संदिग्ध अवस्था मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों ने जब अमित के शव को फांसी के फंदे से झूलता हुआ देखा तो उसके परिजनों को जानकारी दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# आफत: मौसम की बेरुखी से बिगड़ रही लोगों की सेहत

संवाददाता फतेहपुर



- हीट वेव से ग्रसित गंभीर हालत में भर्ती हुए 12 मरीज
- दंत व हड्डी रोग से ग्रसित बीमार इलाज को भटक रहे

**अमृत विचार।** मौसम की बेरुखी लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। बार-बार बदल रहे मौसम से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल मरीजों से भरे हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की पूरे दिन भीड़ लगी रहती है। डॉक्टर मरीजों को दवाई के साथ खानपान पर संयम रखने की सलाह दे रहे हैं।

जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की भरमार है। सोमवार को मरीज अस्पताल में भटकते दिखे। ओपीडी में हीटवेव से ग्रसित करीब एक दर्जन मरीज वार्ड में भर्ती किए गए। मरीजों को हड्डी व दंत रोग से संबंधित डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। मौसम में बदलाव से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ तेजी से बढ़ रही है शहर से लेकर गांव तक के अस्पताल मरीजों से भरी हैं। सर्दी बुखार के अलावा कई ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जिन्हें में डायरिया के लक्षण हैं। डायरिया से पीड़ित मरीज को डॉक्टर वार्ड में भर्ती करने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन उससे पहले मरीज जांच कराने की बात कर रहे हैं।

### पेट संबंधी मरीज बढ़े

मौसम की बेरुखी से पेट संबंधी बीमारी के मरीज बढ़े हैं। डाक्टर गंभीर मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सलाह दे रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज ने बताया कि उल्टी दस्त के करीब 7–8 मरीज प्रतिदिन भर्ती कराए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि मरीजों में करीब एक दर्जन मरीज भर्ती हुए हैं। जिसमें उल्टी दस्त व कमजोरी और हीटवेव के मरीज शामिल रहे।

# हमारे संकल्प पत्र में किसान व युवाओं का हित: मैथानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मीडिया के समक्ष बताईं संकल्प पत्र की खूबियां

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ मुख्य वक्ता सुरेन्द्र मैथानी ने भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र मीडिया के समक्ष रखा । वहीं केन्द्रीय राज्यमंत्री ने जिले में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यो का बखान भी किया।

भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्रीय कार्यालय में संकल्प पत्र के बिन्दुओं को मुख्य वक्ता सुरेन्द्र मैथानी ने मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमारे संकल्प पत्र में किसान, गरीब, महिलाओं के साथ युवाओं के हितों का ध्यान रखा गया है। गरीब परिवारों को अगले पांच सालों तक मुफ्त राशन योजना लागू रहेगी, जन औषधि केन्द्र में 80 प्रतिशत सस्ती दवायें आगे भी जारी रखेंगे। हर घर नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। बताया कि वर्तमान में एक करोड़ लखपती दीदी हैं। हमारा संकल्प है कि इसे अब हम तीन करोड़ तक पहुंचाएंगे।

वहीं जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि हम कोई भी जनकल्याणकारी योजनाएं चुनाव के दृष्टिगत नहीं रखते हैं, हमारा संकल्प देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। वार्ता में उपस्थित जिले की सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मेडिकल कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण, गैस पाइप लाइन व सहित जिले के विकास कार्यों को गिनाया गया।

इस मौके पर विधायक राजेन्द्र पटेल, कृष्णा पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व चुनाव संयोजक दिनेश बाजपेई, कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, शैलेन्द्र शरण सिंम्पल, सुशील शुक्ला सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जानकारी देते विधायक सुरेंद्र मैथानी व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

# पखवारे भर बाद भी नहीं दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता असोथर

- होली के समय हुई थी असोथर क्षेत्र में चोरी
- पीड़ित ने डीएम एसपी से शिकायत करने की कही बात

**अमृत विचार।** होली पर्व में हुई करीब सात लाख की चोरी के मामले में पुलिस शिथिलता बरत रही है। पीड़ित ने डीएम एसपी से शिकायत करने की बात कही है।

हथगाम थाना क्षेत्र के कामापुर गांव निवासी राहुल कुमार मौर्य दस साल से असोथर के सराय खालिस गांव में घर बनाकर परिवार सहित रहकर डीजे और बाइक गैराज की दुकान चलाता है। बताया कि होली पर्व पर परिवार सहित अपने गांव कामापुर माता पिता के साथ होली का त्योहार मनाने गया था। तभी सूने घर को देखकर चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से हजारों की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए थे। मामले की तहरीर पीड़ित ने पुलिस को दी थी लेकिन अब तक मामले में रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई है। पीड़ित ने बताया कि अब वह डीएम एसपी से मिलकर मामले की शिकायत करेगा।

## सार-संक्षेप

### वृद्धा ने जहर खाकर दी जान

**बिंदकी।** एक बुजुर्ग महिला ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने आनन–फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि महिला ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया यह स्पष्ट नहीं हो सका। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे में रहने वाली मुन्नी देवी (58) पत्नी चंद्रिका प्रसाद ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। महिला की मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की, जिस पर परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के दहेली मुजरे शाह गांव में किशोरी ने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के दहेली मजरे शाह गांव निवासी काली चरण की 16 वर्षीय पुत्री संजना उर्फ किरन ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने किशोरी के शव को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# धड़ल्ले से चल रही अभयपुर की टायर फैक्ट्री

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- प्रशासन की नजर से बची रहती है यह अवैध टायर फैक्ट्री
- आधा दर्जन से अधिक टायर फैक्ट्रियों का हो रहा संचालन

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र चौडगरा में अवैध टायर गलाने वाली फैक्ट्री धड़ल्ले से चल रही है और तो और इन टायर की फैक्ट्री में न तो मानक के अनुसार काम होता है और न ही कहीं से प्रदूषण का सर्टिफिकेट उनके पास होता है। यहां टायर से तेल, तार और डस्ट को अलग-अलग निकाला जाता है।

बता दें कि टायर से निकलने वाले तेल को सड़क बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जिसे काफी महंगे दामों में ठेकेदार खरीद कर अपने साथ ले जाते हैं। वहीं तार को कबाड़ियों को बेच दिया जाता है, जबकि इससे निकलने वाली डस्ट को भी बेचकर कंपनी चलाने वाले मोटा मुनाफा कमाते हैं और इस सब प्रक्रिया के दौरान भारी मात्रा में मृदा, जल और वायु प्रदूषण होता है। टायर को जलाने में जो वेस्ट निकलता है वह वायुमंडल को प्रभावित करता है और जो डस्ट निकलती है वह जमीन को बंजर बनाने का काम करती है। इसे लेकर एनजीटी के शख्त नियम है। बावजूद इसके टायर की फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा है और जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।



अभयपुर की टायर फैक्ट्री में पड़े टायर। अमृत विचार

# स्कूल चलो अभियान फेल बच्चे बटोर रहे हैं महुआ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नया शिक्षासत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। सत्र के 15 दिन बीत गए हैं, बावजूद इसके परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नहीं बढ़ती दिख रही है। स्कूल चलो अभियान को कागजों में भले ही सफल दिखाया जा रहा हो लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

अभियान में न ही शिक्षक रुचि ले रहे हैं और न ही अधिकारी। हालात यह हैं कि इनदिनों विद्यालयों में पुराने पंजीकृत छात्रों की उपस्थिति ही महज 10 से 15 फीसदी दर्ज की जा रही है। इसके पीछे कारण है कि इनदिनों गेहूं की फसल की कटाई एवं महुआ बिनने में बच्चे अभिभावकों के साथ लगे हुए हैं। सारी व्यवस्थाओं से परिपूर्ण एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती होने के बाद भी परिषदीय स्कूलों की स्थिति दयनीय ही रहती है। शिक्षक जहां कोरम पूरा करते हुए मोटी पगार पा रहे हैं, वहीं जिम्मेदार भी इस ओर गम्भीर नहीं नजर आते हैं। स्कूल चलो अभियान को शुभारम्भ तो कर दिया गया लेकिन शिक्षक कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं।

### अपनों की मदद कर रहे हैं बच्चे

प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम दिख रही है। शिक्षक बताते हैं कि बच्चों को बुलाने घर जाते हैं फिर भी बच्चे महुआ बिनने चले जाते हैं। अभिभावकों से बात करने पर बताया जाता है कि गेहूं की फसल काटने का काम तेजी पर है, जिसमें बच्चे मदद में लगे हुए हैं।

# समस्याओं को लेकर भड़के पूर्व सैनिक

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** समस्याओं का निदान नहीं होने पर भूतपूर्व सैनिकों ने नाराजगी व्यक्त की है। सोमवार को एक बैठक कर जहां संगठन मजबूती को लेकर मंत्रणा की गई तो वहीं कहा गया कि जो व्यक्ति देश की रक्षा के लिए अपने जीवन के अमूल्य समय को लगाता है, उनकी समस्याओं को हल नहीं करना बड़े दुख की बात है।

सोमवार को नगर के ललौली रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में भूतपूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की बैठक हुई। जिसमें संगठन मजबूती पर बल दिया गया। कहा इसकी इकाई हर ब्लाक क्षेत्र में होनी चाहिए। नाराजगी जाहिर की गई की हम लोग देश की रक्षा सुरक्षा के लिए अपने जीवन के अमूल्य समय लगा देते हैं, इसके बावजूद भी सेवानिवृत होने पर उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है। सेवानिवृत्त कैप्टन रामराज सिंह ने कहा कि वह लंबे समय से 50 मीटर लंबे खरंजा लगवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी यह समस्या हल नहीं की गई। सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। रिटायर्ड सूबेदार मेजर सूर्य भान सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम समस्याओं से लोग परेशान हैं लेकिन समस्याएं हल नहीं की जा रही हैं। इस मौके पर रिटायर्ड पूर्व सैनिक धर्मराज सिंह, राम शंकर पांडेय, शेख अब्दुल खालिक, नवीन शंकर तिवारी, डॉक्टर ओमप्रकाश त्रिपाठी, मनीराम समेत अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



संगठन की मजबूती को लेकर मंत्रणा करते भूतपूर्व सैनिक। अमृत विचार

चैत्र नवरात्र का सातवां दिन

देवी मंदिरों समेत घरों पर आस्थावानों ने की आराधना, मंदिरों में भोर से देररात तक लग रही भक्तों की भीड़

# मां कालरात्रि की पूजा कर भक्तों ने मांगी सुख–समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- धार्मिक अनुष्ठानों के साथ चला कन्या भोज का दौर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी पर सोमवार को देवी मंदिरों समेत घरों में शक्ति के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता को पूजन सामग्री अर्पित किया और घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना भी की। देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों का पूजन अर्चन का सिलसिला चलता रहा। सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर, कालिका मंदिर व संतोषी माता मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए भक्त पहुंचे।

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को माता कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। इनके शरीर का रंग गहरा काला है और गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है। ब्रह्मांड की तरह माता के तीनों नेत्र गोल हैं। जिसमें ज्योति चमकती हुई दिखाई देती है। माना जाता है कि माता का रूप भले ही अत्यन्त भयानक हो लेकिन वह सदैव भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। इसी लिए उन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। इसके अलावा माता कालरात्रि दंष्टताकराली के नाम से भी जानी जाती हैं। सप्तमी पर भक्तों के द्वारा माता को अनार भी अर्पित किए गए।

वैसे तो नवरात्र के सभी दिनों में माता को ध्वज अर्पित किए गए लेकिन सप्तमी पर सुबह से ही श्रद्धालु माता की भक्ति में रंगे नजर आए और धूमधाम के साथ पर्व मनाया। बताया गया कि मंगलवार को अष्टमी पर माता महागौरी का पूजन अर्चन किया जाएगा। सप्तमी पर शहर में कई स्थानों पर कन्या भोज भी आयोजित किए गए। जिसमें कन्याओं की विधि विधान के साथ पूजा करते हुए भोज कराया।



कालीकन मदिंर में मां काली का सजा दरबार। अमृत विचार

### रामनवमी में निकलेगी विशाल शोभायात्रा

रामनवमी में शहर में विशाल शोभा यात्रा निकालने की तैयारी भी शुरू हो गई है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीराम नवमी के दिन विशाल शोभायात्रा रामदल संगठन के द्वारा निकाली जाएगी। राम दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि रामनवमी के दिन अनोखी मूर्तियों को सजाकर डीजे और गाजे–बाजे के साथ बजरंग दल द्वारा विशाल शोभायात्रा निकलेगी और प्रसाद वितरण भी होगा।

### जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

हसवां कस्बा में कई वर्षों से रामनवमी के दिन श्रीराम जन्मोत्सव और शोभा यात्रा का आयोजन होता आया है। आयोजकों ने बताया कि रामनवमी को 12 :00 बजे के बाद स्वामी चंद दास जी महाराज की कुटी में आयोजन किया जाएगा। वहीं से भगवान राम की भव्य शोभायात्रा का भ्रमण गाजे बाजे के साथ कस्बा के मुख्य मार्गों में निकलेगी। इसके लिए सभी जरूरी तैयारी कर ली गई हैं।



रात्रि जागरण में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## मां काली का हुआ भव्य श्रृंगार

**फतेहपुर।** बहुआ ब्लाक के खटौली में स्थित मां काली मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मां काली का भव्य पूजन, हवन, श्रृंगार किया गया। संगीत कम्पनी द्वारा बहन भाई का प्यार उर्फ कुदरत की कहानी, में समाज की विषमता, अनाचार, अत्याचार से ओत-प्रोत नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अशोक पटेल के साथ रोहित पटेल, लालू पटेल पहुंच कर आरती की। दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सुन्दर भजनों का प्रस्तुतीकरण हुआ। इस मौके पर भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल के साथ देवीगंज सभासद सुनील गुप्त, पूर्व जिला प्रवक्ता, पूर्व विधान सभा प्रभारी राजा सिंह कछवाह, पंकज मिश्र, राहुल सिंह, डाक्टर विकास सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**फतेहपुर।** एक युवक ने अपने पिता की डांट से क्षुब्ध होकर ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के असोथर रोड ड़ड़ीवा गांव निवासी राम औतार का पुत्र राम आधार जो सहालग के समय शादी बारात में काम कर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। सोमवार को वह अपने नाबालिग बच्चों को भी साथ में काम पर ले जा रहा था। जिसको पिता राम औतार ने साथ ले जाने से मनाकर दिया। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर राम अधार ने ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने युवक को भर्ती कर लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SANJAY KUMAR SINGH था अब मैने बदलकर अपना नाम SANJAY SINGH रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: HARI BAKSH SINGH VILL- BANJARI MOD NAI BASTI SHEKH DAHIR, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अनिकेत कुमार पुत्र सुरेश कुमार, निवासी– ग्राम बदौरा मलिहाबाद, जिला– लखनऊ।** मेरे समस्त दस्तावेजों पर त्रुटिवश अनिकेत अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अनिकेत कुमार है। अतः अब मुझे अनिकेत कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र अनुक्रमांक 2244192 वर्ष 2012–2013 (कालेज–नथन सिंह इण्टर कालेज, जुबरा नारा, कौशाम्बी ) वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **धीरेन्द्र पटेल पुत्र अरविन्द्र पटेल, निवासी–कपसेठी कर्वी, चित्रकूट**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **स्निग्धा अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी, नि0–बावन बुजुर्ग बल्ला, तह0–महराजगंज, रायबरेली,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम कु0 स्निग्धा अंकित है। जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक में स्निग्धा अवस्थी अंकित हैं। अतः मुझे स्निग्धा अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित उम्र करीब 28 वर्ष तथा बहू कामिनी पत्नी अमित उम्र 25 वर्ष को गलत चाल चलन के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। –**नरेश पुत्र सिरदार वाल्मीकि, निवासी–मोहल्ला– सैय्यद वाड़ा, शाहाबाद जिला हरदोई**

# ...तो मायावती की होगी निर्णायक भूमिका

**कन्नौज सीट**

इरा अवस्थी, कन्नौज

**समाजवादी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचे इसका लगेगा गणित**

**18 अप्रैल को सभा कर दलितों और अल्पसंख्यकों को जुटाने की तैयारी**

**अमृत विचार।** चुनाव में कन्नौज क्षेत्र के भाग्य निर्धारण में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन ताकत दिखाने की तैयारी में हैं। वे सफल हुए तो माना जा रहा है कि बहन जी 'हाथी' का सवार बदलकर सपा को चुनौती दे सकती हैं। ऐसा होता है तो फायदा भाजपा को होगा।

भले ही बहुजन पार्टी से कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को प्रत्याशी बना दिया गया है लेकिन बाहरी होने से वह कुछ ज्यादा कमाल कर सकेंगे इसको लेकर राजनीतिक जानकारों को संदेह है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि समाजवादी पार्टी से खटास के चलते मायावती ऐसे प्रत्याशी पर दांव लगाना चाहेंगी जो 'साइकिल' की ज्यादा से ज्यादा हवा निकाल सके। राजनीति में सब कुछ संभव है तो फिर यह भी हो सकता है कि ऐन वक्त पर चेहरा बदल जाए। पता चला है कि नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन भी वह चेहरा हो सकते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बसपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्होंने बड़ी सभा कर ताकत दिखाने की योजना तैयार की थी जिसमें दलितों के अलावा अल्पसंख्यकों की भारी भीड़ जुटाने की तैयारी थी, लेकिन जयंती की वजह से योजना स्थगित करनी पड़ी। अब पता चला है कि 18 अप्रैल को वे फिर से इस योजना को कार्यरूप देने की तैयारी में हैं। इस योजना में उनका साथ सपा से उपेक्षित दो नेताओं के साथ ही बसपा के एक जोन स्तर के पदाधिकारी दे रहे हैं। प्रस्तावित सभा कहां होनी है यह तो नहीं पता चल सका है लेकिन इसमें भारी संख्या में बसपा के कैडर वोटर दलितों के साथ ही अल्पसंख्यकों को एकत्र करने की तैयारी है। ताकत दिखाने का उद्देश्य मायावती को विश्वास दिलाना है कि वे बसपा को लड़ाई में लाने के साथ ही सपा को अधिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में चखचख है कि पूर्व में 10 साल के पालिकाध्यक्ष कार्यकाल में किए कार्य तथा स्थानीय होने से उनका जुड़ाव लोगों से ज्यादा है। स्थानीय प्रत्याशी को अल्पसंख्यक वोट बाहरी के सापेक्ष ज्यादा मिलेगा। इस तरह से कहीं न कहीं सपा के वोट बैंक में सेंध लगेगी। संभव है कि बसपा मुकाबले में भी आ जाए। इस बात की भनक लगते ही समाजवादी पार्टी का खेमा भी सक्रिय हो गया है कि येन केन प्रकारेण प्रस्तावित शक्ति प्रदर्शन रोका जाए। चूंकि इस चुनाव को भाजपा बनाम सपा माना जा रहा है तो बसपा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जितना ज्यादा वोट काट लेगी उतना है सत्ताधारी दल का फायदा है। वहीं सपा के सूत्र कहते हैं कि बसपा कोई भी दांव चले उनका कोई नुकसान नहीं है क्योंकि कैडर वोट तो पिछले कुछ चुनावों से बहनजी खुद ही भाजपा में डायवर्ट कराती आ रहीं हैं तो यह वे ले लें या भाजपा कोई फर्क नहीं पड़ता। अल्पसंख्यक भी समझदार हो चुका है। वह समझता है उसका कहां फायदा है और कहां नुकसान? कुल मिलाकर कन्नौज लोकसभा का भाग्य बहनजी के हाथ में है। मुस्लिम प्रत्याशी खड़ाकर फिलहाल दांव खेल दिया है। देखना यह होगा कि चेहरा बदलेगा या या नहीं? बदला तो किसको कितना नफा कितना नुकसान होगा। इस तरह से निर्णायक होगा 'हाथी'।

# हम चल पड़े, आगे बढ़िये मतदान करिए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


पुलिस लाइन में ब्रीफिंग के दौरान मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

- एसपी ने पुलिस लाइन में प्रथम चरण के मतदान को जाने वाले जवानों को दी नसीहत

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व को मनाने के लिए कन्नौज पुलिस ने प्रथम चरण के निर्वाचन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के साथ पुलिस पूरी तरह तैयार है। 16 अप्रैल को पुलिस रवाना होगी।

प्रथम चरण का मतदान शांत व निस्पक्ष कराने के लिये जिले की पुलिस मंगलवार को रवाना होगी। इससे एक दिन पहले एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन में पुलिस जवानों को ब्रीफ किया। इस दौरान एसपी ने बताया कि चुनाव को सकुशल कराने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के साथ पुलिस बल मंगलवार को रवाना होगा। पुलिस कर्मियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। निर्वाचन ड्यूटी पर लगाये गये पुलिस बल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। निर्वाचन में किसी प्रकार की शारीरिक समस्या होने पर पुलिस बल को प्राथमिक उपचार किट प्रदान की गई है।

इसी तरह चुनाव से पूर्व तैयारियों के क्रम में सभी शस्त्रों की साफ-सफाई कर ली गई है। चुनाव डयूटी में लगाये गये पुलिस बल को शस्त्रों का प्रशिक्षण कराने के साथ-साथ फायरिंग व दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया है, जिससे मतदान के दौरान किसी भी अराजक स्थिति से निपटा जा सके। इसके अलावा निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल को ले जाने के लिए लगाई गई परिवहन बसों का फिटनेट टेस्ट कराते हुए चालकों का मेडिकल परीक्षण किया गया साथही उनको ब्रीफ किया गया।

# सख्तीः आपराधिक प्रवृत्ति के 48,742 लोगों पर कार्रवाई

## चुनाव शांतिपूर्ण कराने को पुलिस ने कसी कमर, अब तक 58 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चेकिंग के दौरान टीम ने करीब दो लाख रुपये किए बरामद



**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण कराने के लिये जिले के सभी थाना कोतवाली पुलिस ने मतदान में व्यवधान पैदा करने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ अभियान चलाया। अब तक निरोधात्मक कार्रवाई, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के अलावा अवैध शस्त्र व शस्त्र फैक्टरी, मादक पदार्थ, अवैध शराब में संलिप्त 48,742 अपराधियों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर जिले भर में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अब तक धारा 107/116 सीआरपीसी के तहत 46,894 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। इसमें 28,701 व्यक्तियों को पाबन्द कराया गया। इसी तरह धारा 110जी में 932 व्यक्तियों, 419 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। गैंगस्टर में 38 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अवैध शराब के साथ 305 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और मौके से 5065 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। इसी तरह मादक पदार्थ की बात करें तो इस अधिनियम के तहत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन के कब्जे से 36.17 किलोग्राम गांजा व 2.33 किलोग्राम नशीला पाउडर बरामद किया गया। अवैध शस्त्र में 84 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 101 अवैध शस्त्र व 118 कारतूस बरामद किये गये। एक शस्त्र फैक्टरी का खुलासा किया गया। एफएसटी टीम ने छापेमारी कर अवैध तरीके से ले जाये जा रहे 1,98,500 रुपये जब्त किए गए। दुरुपयोग करने पर 58 लोगों के लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कराकर जमा कराये गए। एसपी का कहना है कि जो भी चुनाव के दौरान अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा उस को बख्शा नहीं जायेगा। कार्रवाई तय है। पुलिस अभी भी अराजक तत्वों के को चिन्हित कर रही है। अवैध शराब व शस्त्र का निर्माण करने व बेंचने वालों की खोज की जा रही है।

**गठबंधन ने फेर दिया मंसूबों पर पानी**

**कन्नौज, तालग्राम पुलिस ने 36 पर लगाया गुंडा एक्ट**

**कन्नौज/तालग्राम।** कोतवाली कन्नौज व थाना तालग्राम पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये अभियान चलाया। इसमें 36 आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। तालग्राम पुलिस ने 16 व कन्नौज कोतवाली पुलिस ने 20 आरोपियों पर कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी कन्नौज दिग्विजय सिंह ने इर्तिजा हसन, मोहम्मद शाहिद, तौहीद, खमीरूल उर्फ बाबूलाल, जीशान, मुजीब निवासीगण मोहल्ला अहमदी टोला थाना व जनपद कन्नौज के अलावा सरफराज निवासी मीराटोला थाना व जिला कन्नौज, अंकित, कुलदीप, शिवा, निन्नू, अजय, पाचुआ, शिवा उर्फ ऋषि, प्रदीप निवासीगण कुतलुपुर मकरंदनगर थाना व जिला कन्नौज, श्यामजी, रामजी, गोलू उर्फ आकाश, सोनू, अनिल निवासीगण मोचीपुर थाना व जिला कन्नौज के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसी तरह थानाध्यक्ष तालग्राम पारुल चौधरी ने मायापुर्वा निवासी परमानंद, रामपाल, प्रवीण, अनिल यादव, अनिल, राजवीर, प्रदीप, अनिल कुमार, ग्राम भुलानी निवासी अंकित यादव, आजाद यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, राजीव यादव, सुनील, अमलेश यादव, शिवम यादव पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की।

# मतदान के दिन नहीं रोके जाएंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक
- सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण, मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर


सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

**अमृत विचार।** मतदान के दिन किसी भी वाहन को नहीं रोका जाएगा और न ही कोई रूट बदला जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों के वाहनों का अलग-अलग कलर कोड होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया तो आला अधिकारियों के साथ मतदान की तैयारियों की समीक्षा की।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थल के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी, दुकान नही होनी चाहिए। सभी पोलिंग पार्टियों की रवानगी छिबरामऊ की नवीन मंडी समिति छिबरामऊ एवं तिर्वा की डीएन इंटर कालेज तिर्वा व कन्नौज सदर की नवीन मंडी स्थल कन्नौज से होगी, तथा सभी विधानसभाओं की मशीनें जमा नवीन मंडी स्थल कन्नौज में ही होगी। मतदान के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट सुबह 6.30 बजे तक सभी मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र-03 भर कर प्रेषित करेगें, कि बिना किसी कठिनाई के ससमय मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। मॉक पोल के दौरान समस्त पोलिंग एजेंटो को मशीन के संबंध में जानकारी अवश्य कराएं। मॉक पोल के समय खराब मशीन को सेक्टर मजिस्ट्रेट कलेक्ट्रेट में जमा करे। निरीक्षण के दौरान पीठासीन डायरी को भी चेक करें। मतदान प्रतिशत की सूचना मतदान प्रतिशत संकलन एप पर फीडिंग सुनिश्चित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी उपस्थित रहे।

**पोलिंग पार्टियों को मिलेगा मिडडे मील**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 13 मई को पोलिंग पार्टियों को मिडडे मील का भोजन दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा को गुणवत्तायुक्त भोजन बनवाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रो व बूथों पर मतदान भवन की अच्छी स्थिति, साफ-सफाई की व्यवस्था, बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, कुर्सी, शेड, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कहा कि चुनाव के समय अत्यधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छाया हेतु पर्याप्त शेड की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जाएगी।

# 18 से शुरू होंगे नामांकन, कलेक्ट्रेट में तैयारियां शुरू

**कन्नौज।** चुनाव के लिए 18 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में तैयारियां तेज हो गईं हैं। बैरीकेडिंग कर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट में ही लोकसभा सीटों के लिए नामांकन कराया जा रहा है। नामांकन स्थल तक प्रत्याशियों के साथ उनके प्रस्तावकों को छोड़कर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं होगी। लोकसभा क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन 18 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर को चारों तरफ से बेरीकेडिंग की जा रही है, ताकि मुख्य रास्ते को छोड़कर दूसरी तरफ से कोई प्रवेश न कर सके। सोमवार को अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया किनामांकन कक्ष में प्रत्याशियों और उसके प्रस्तावकों को छोड़कर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# खरा उतरेगा भाजपा का 'संकल्प पत्र'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


प्रेसवार्ता में जानकारी देते विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई।

**अमृत विचार।** सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलने वाली भाजपा ने अपना घोषणा पत्र नहीं, बल्कि 'संकल्प पत्र' तैयार किया है। इसमें जो भी वायदे किए गए हैं, उनके पूरे होने की शत-प्रतिशत गारंटी हैं। संकल्प पत्र में स्वतंत्रता दिवस के शताब्दी वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है।

सोमवार को सांसद सुब्रत पाठक के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी भाजपा विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने दी। कहा कि यह संकल्प पत्र भाजपा ने नहीं बल्कि भारत की जनता ने तैयार किया है। पूरे देश में सुझाव संकलन अभियान चलाया गया था। 15 लाख सुझाव प्राप्त हुए जिनको 24 भागों में विभाजित किया गया और संकल्प पत्र में उल्लिखित प्रस्तावों को पूरा करने की गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदान की है। इसमें महिलाओं, युवा, बुजुर्गों, व्यापारियों तथा गरीबों को प्राथमिकता दी गई है।

**कन्नौज की सांस्कृतिक विरासत को लौटाने का संकल्प**

विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने बताया कि कन्नौज ऐतिहासिक शहर है और यहां पर्यटन उद्योग को बढ़ाने के लिए सरकार ने संकल्प पत्र में उल्लेख किया है। यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लौटाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा का संकल्प है कि ऐतिहासिक शहरों का पुरातन वैभव लौटाया जाए और ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाए।

# ऑपरेटरों को मिलेगी क्लोरीन टेस्टिंग किट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- ईओ ने पटल सहायकों व आपरेटरों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** नगर की पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिशासी अधिकारी ने दो जलकल प्रभारियों को नियुक्त किया है। क्लोरीन की टेस्टिंग के लिए आपरेटरों को किट दिए जाने की बात भी कही है। बताया कि समय-समय पर नलकूपों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

सोमवार को नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने पटल सहायकों व नलकूप आपरेटरों के साथ बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आपरेटर आपूर्ति के समय क्लोरीन डोजर को संचालित रखें। वोल्ट एम्पीयर व क्लोरीन की मात्रा की जांच नियमित रूप से करते रहें। इसके लिए नलकूप आपरेटरों को क्लोरीन टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जाएगी। क्लोरीन को चेक करने के लिए उनके द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कहा कि पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के निर्देश पर नागरिकों को स्वच्छ व शुद्ध पेयजल आपूर्ति देने का कार्य किया जा रहा है। नागरिकों की शिकायत के लिए रजिस्टर तैयार किया गया है। जिसमें कर्मी शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, मोहल्ला शिकायत का प्रकार आदि दर्ज करें और तीन दिनों में समस्या का निस्तारण करें। इसका फीडबैक भी लिया जाएगा। मनमानी व लापरवाही करने वाले कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सफाईकर्मियों ने ईओ के समक्ष रखीं मांगें

**छिबरामऊ।** नगर पालिका ईओ सुनील कुमार सिंह के समक्ष सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी पांच मांगों को रखते हुए समाधान की मांग की। ईओ ने समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिया।

कर्मियों ने बताया कि हर बार की भांति इस वर्ष भी नाला सफाई का कार्य अलग से टीम लगाकर कराया जाए। ऑउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जाए, जिसका जियो साथ में संलग्न है। सरकारी एवं संविदा पेंशनर कर्मचारियों का एरियर लगाया जाए। सात लोगों का एसीपी का एरियर लगाया जाए। तेजराम व उमेशचन्द्र दो लोगों का एसीपी बाकी है। इस दौरान वाल्मीकि यूनियन अध्यक्ष अजय, किशन लाल, प्रताप कुमार, उमेश चंद्र, सूरज, राजेश, राजदीप, विशाल, विक्रम कुमार, कुलदीप, राजीव कुमार, शिवराज, अमित रहे।

## सार-संक्षेप


हैवतपुर कटरा में अभिभावकों को किया गया जागरूक। अमृत विचार

**72 हजार अभिभावकों ने लिया मतदान करने का संकल्प**

**कन्नौज।** सोमवार को कंपोजिट विद्यालय बेहरिन में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अभिभावकों को मतदान करने की शपथ दिलाई और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा में भी अभिभावकों को जागरूक किया गया तो जलालाबाद ब्लाक के जसपुरापुर सरैया में भी अभिभावकों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। तिर्वा क्षेत्र के महसौनापुर प्राथमिक विद्यालय में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना देवी वर्मा ने बताया कि पूरे जिले में 72139 लोगों ने संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर कर मतदान का संकल्प लिया। **चेयरमैन ने हस्ताक्षर कर किया प्रेरित :**गुरसहायगंज। सोमवार को नगर पंचायत समधन के प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर कर प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के अध्यापकों, अभिभावकों, नागरिकों व पंचायत कर्मियों ने भी हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, हनीफ अली, अताउर्रहमान, अताउल्ला, हमीद मौजूद रहे।

**पन्ना प्रमुखों के आवास पर लगाया पार्टी का झंडा**

**गुरसहायगंज।** भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव ने सोमवार को ग्राम तेराजाकेट व इंदुइयागंज स्थित बूथ पर पहुंचकर पन्ना प्रमुख विष्णुदयाल के आवास पर भाजपा का झंडा लगाया और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। क्षेत्रीय मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में जुट जाएं। बूथ को मजबूत करने के टिप्स देते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान कराना हम सभी जिम्मेदारी है। गांव-गली में भ्रमण कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। पार्टी की नीतियों व उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस दौरान तेराजाकेट मंडल अध्यक्ष संजय दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष तालग्राम अशोक वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. ज्ञान सिंह, बूथ अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व प्रधान नागेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने सपा नेता पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

**कन्नौज।** पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने बालापीर में मिट्टी का अबैध खनन कर संरक्षित क्षेत्र में कब्जा करने के मामले में सदर कोतवाली में सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। एमटीएस कर्मचारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उप मंडल कन्नौज के सुनील सिंह ने बालापीर मोहल्ला निवासी कैश खां पुत्रयूनुश खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के केंद्रीय संरक्षित स्मारक बालापीर का मकबरा व बाहरी दरवाजा क्षेत्र में अवैध नवनिर्माण कैश खां की ओर से किया जा रहा है। इससे दरारें पड़ रही हैं। कई आपत्तियां लगाने के बाद भी नहीं मान रहे हैं। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है।

**डिवाइडर से टकरा कर डीसीएम पलटी, दो घायल**

**तालग्राम, कन्नौज)।** आगरा के थाना फतेहाबाद ग्राम बिहारीपुरा निवासी चालक रामवीर, हेल्पर चालक का छोटा भाई विनोद गुजरात के कच्छ से डीसीएम पर संतरा लादकर बिहार के मुजफ्फरपुर जा रहा था। सोमवार सुबह डीसीएम आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी 180 ग्राम अमोलर के पास चालक को झपकी आ गई। इससे डीसीएम एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

**धर्म-अध्यात्म**

**श्रीमद्भागवत के विराम दिवस पर आचार्य घनश्याम पांडे ने परीक्षित मोक्ष के सुनाए प्रसंग**

# मन के अंधकार को मिटा सकता ज्ञान का प्रकाश

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


गंगेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जब मानव भगवान की शरण में आ जाता है तो कोई कारण नहीं कि उस मनुष्य को कोई क्लेश दे सके। इसलिए मनुष्य को भगवान की शरण अवश्य लेनी चाहिए। मन के अंधकार को केवल ज्ञान का प्रकाश ही मिटा सकता है और इसके लिए मनुष्य को सत्संग का श्रवण करना चाहिए। कलयुग के लोगों का कल्याण केवल भगवान के शरण में आने से ही होगा और इस संसार के जितने भी भय हैं उन सब का त्याग करना होगा।

यह विचार सोमवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में चल रही श्रीमदभागवत के विराम दिवस पर आचार्य घनश्याम पांडे ने व्यक्त किए। उन्होने रुक्मणी विवाह, सुदामा सरित्र, परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंग भक्तों को सुनाए। कहा कि आज के समय में युवाओं को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से दोस्ती सीखनी चाहिए। सच्चा मित्र अपने मित्र के सुख दुख में साथ रहता है। वर्तमान समय में भगवान से मिलना कम लोग चाहते हैं लेकिन मांगना सब चाहते हैं। मनुष्य का ज्ञान और चरित्र ही विश्व गुरु बनाता है। जहां भगवान के भक्त ने जन्म लिया है। वह व्यक्ति अकेले ही नहीं बल्कि अपने पीछे की साथ पीढ़ी और आने वाली सात पीढ़ी सब को सुधार देता है।

**संध्या आरती में भक्तों ने की मां कालरात्रि की आराधना**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नवरात्रि के पर्व पर चल रहे दुर्गा महोत्सव के सातवें दिवस की संध्या पर क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष रामअवतार चैरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज मिश्रा, अरविंद यादव, रविंद्र सक्सेना, उमाकांत सैनी, राजीव चैहान, श्याम शर्मा, अंकित चैरसिया, राजीव चैहान, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रीति पाल, मंजू देवी सहित तमाम श्रद्धालुओं ने संध्या आरती में मां कालरात्रि की आरती वंदना कर पूजा अर्चना की और माता रानी का गुणगान किया। जिसके बाद महोत्सव में पहुंचे सैकड़ों भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान लोगों ने मंदिर में आशीर्वाद लिया।

# चार धाम की पदयात्रा पर नगर से रवाना हुआ श्रद्धालु

संवाददाता,गुरसहायगंज


चार धाम की यात्रा पर जाते विशाल वर्मा।

**अमृत विचार।** मोहल्ला अशोक नगर निवासी राजेश वर्मा का पुत्र विशाल वर्मा (28) चार धाम की पैदल यात्रा के लिए रवाना हुआ है। पदयात्री विशाल वर्मा ने बताया कि वह गौमुख, गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, तुंगनाथ (पंचकेदार) के दर्शन के लिए निकला है।

लगभग 1100 किमी की यात्रा वह पैदल ही तय करेगा। इसमें लगभग 25 दिनों का समय लगेगा। 10 मई को केदारनाथ धाम व 12 मई को बद्रीनाथ धाम के पट खुलेंगे जहां पालकी उठाकर वह चार धाम के दर्शन करेगा। भूख, प्यास और थकान की चिंता छोड़ आस्था और विश्वास से वह सफर को तय करेगा। स्थानीय लोगों में सभासद जीतू गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजेश वर्मा, नरेश, विवेक, नीरज, सुनील, विजय, धर्मेन्द्र, सानू सहित महिला पुरूषों ने पदयात्री को फूलमालाएं पहनाकर नगर से रवाना किया।

# कूड़ा निस्तारण प्लांट में लगी आग मशक्कत के बाद भी नहीं हुई काबू

## दमकल टीम और पालिका कर्मचारी बुझाने के प्रयास में जुटे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


रविवार देर रात कूड़ा निस्तारण प्लांट में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट में रविवार की रात आग लग गई जो देखते ही देखते विकराल हो गई। सोमवार को दिन में भी कूड़ा रह-रहकर सुलगता रहा। दमकल टीम व नगरपालिका कर्मचारी लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी आग बुझ नहीं रही है। अब जेसीबी से कूड़ा पलट कर पंपसेट से आग बुझाई जाएगी। जेसीबी से खुदाई काम शुरू कर दिया गया है। ईओ ने बताया कि रात में किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक दी होगी जिससे आग लगी। इस पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

शहर के अजयपाल मोहल्ले में पाटा नाले के निकट कूड़ा निस्तारण प्लांट स्थापित है। इसमें शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण किया जाता है। दो साल से बंद पड़ा प्लांट गत वर्ष ही दूसरी कंपनी को ठेका देकर प्रारंभ किया गया था। वर्तमान में भी संचालित है। रविवार की शाम छह बजे के करीब कूड़े में आग लग गई। जो धीरे-धीरे विकराल हो गई। नगरपालिका कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हो सके। लपटें तेज होती देख कमर्चारियों ने इसकी जानकारी यूपी 112 को दी। सूचना पर दमकल की गाड़ी रात आठ बजे के बाद मौके पर पहुंची, पर रास्ता संकरा होने से गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी। इस पर दमकल के कर्मचारियों को छोटी गाड़ी लेकर जाना पड़ा। पूरी रात चले आग बुझाने के अभियान के बाद सोमवार की सुबह छह बजे काबू पाया जा सका। कर्मचारी लौटे आये। इसके बाद सोमवार की दोपहर बाद करीब तीन बजे फिर से आग सुलगने लगी। इसकी जानकारी पर दमकल की टीम एफएसएसओ संदीप तनवार की अगुवाई में फिर से मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी बुला कर कूड़े के ढेर की खुदाई शुरू करा दी। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया। मौके पर पंपसेट भी लगाया जा रहा है जिससे पानी डाला जा सके। इधर, आग लगने से आसपास के खेतों से संबंधित रात भर परेशान रहे कि कहीं लपटें उनकी फसल तक न पहुंच जाएं। हालांकि समय रहते दमकल के पहुंचने से कोई क्षति नहीं हुई।

- फसलों को न हो नुकसान इसलिए लगाया जाएगा सबमर्सिबल पंप

"कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित है। रात में किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक दी होगी जिससे कूड़े के ढेर में आग पकड़ ली। जानकारी मिलते ही पालिका कर्मचारियों व दमकल की टीम को मौके पर भेजा गया जो लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। भविष्य में प्रयास किया जाएगा कि आग न लगे और लगे भी तो इसे तुरंत काबू किया जा सके। क्योंकि आसपास किसानों के खेत हैं जिससे फसल को खतरा है। इसके लिए प्लांट की जगह पर बोरिंग कर पंप लगाया जायेगा। कभी-कभी कूड़े के ढेर में बनने वाली मीथेन गैस के कारण सूरज की तेज किरणें पड़ने से भी आग लग जाती है।

– श्यामेंद्र मोहन चौधरी
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कन्नौज

## चिकित्सा महाविद्यालय में लगेगी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन

**तिर्वा।** मरीजों को प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, आरबीसी के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन ने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को प्रस्ताव भेजा है। यूनिट स्थापित होने से स्थानीय मरीजों को खासी राहत मिलेगी।

महाविद्यालय के ब्लड बैंक में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को प्रस्ताव भेजा गया है। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि मरीजों को प्लाज्मा व प्लेटलेट्स के लिए गैर जनपद की दौड़ लगानी पडती है जिससे मरीजो को काफी परेशानी होती है।

वहीं, इस सीजन में मेडिकल कॉलेज में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए जरूरी तैयारी की जा रही है। ब्लड बैंक परिसर में ही कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट लगाई जाएगी। लाइसेंस की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। यूनिट लगाने के लिए आवश्यक मशीन की ख़रीदारी के लिए प्रास्तव भेज दिया गया है। इसकी कीमत 30 लाख रुपये से अधिक होगी।

# हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ नवीन प्राथमिक विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नव प्रवेशित बच्चों का पूजन के साथ कराया गया विद्यारंभ संस्कार
- हाईवे चौड़ीकरण के दौरान ध्वस्त कर दिया गया था प्राथमिक विद्यालय


बच्चों के साथ जागरुकता रैली निकालतीं प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-अलीगढ़ हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान ध्वस्त किए गए प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर उज्जैना के नवीन भवन का हवन-पूजन के साथ शुभारंभ किया गया तो नव प्रवेशित बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिक्षकों व अभिभावकों ने यज्ञ में लोक कल्याण की आहुतियां दीं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

सदर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहादुर उज्जैना को कानपुर-अलीगढ़ हाईवे चौड़ीकरण के दौरान ध्वस्त कर दिया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने गांव में दूसरे स्थान पर नवीन विद्यालय का निर्माण कराया। भवन तैयार करने होने पर सोमवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के आचार्यों ने हवन-पूजन कराया।

प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया समेत शालिनी सिंह, साधना यादव, मंजरी कटियार, बॉबी मिश्रा, मोहिनी त्रिपाठी, पूनम, उमा, संगीता, रहसून, परवीन बानो, गीता, मायावती, रेनू गौतम व बीएलओ महेंद्र कुमार ने लोक कल्याण के लिए आहुतियां दीं। इसके बाद नव प्रवेशित बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया, जिसमें सबसे पहले सरस्वती पूजन हुआ और बच्चों का तिलक कर उन्हें पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की गईं। साथ ही बच्चों को हाथ में कलम पकड़ाकर लिखना भी सिखाया गया।


बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करातीं शिक्षिका।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। गांव में बच्चों के साथ मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली गई।

# ऑपरेशन मुस्कान : दो घंटे में बालक को खोज निकाला

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- कमालगंज से बारात के साथ आया था छिबरामऊ
- परिजनों ने तलाश में लगी पुलिस टीम को सराहा


परिजनों को बच्चा सौंपती पुलिस।

**अमृत विचार।** कमालगंज से बारात के साथ छिबरामऊ आए बालक की गुमशुदगी के बाद मात्र दो घंटे में बालक को सकुशल खोज लिया।

थाना गुरसहायगंज निवासी भूरा का सात वर्षीय पुत्र अयान सोमवार को जनपद फर्रुखाबाद थाना कमालगंज के शास्त्री नगर निवासी मौसा कुर्बान अली पुत्र सरवर अली के घर से छिबरामऊ आई बारात में आया था। यहां अयान गुम हो गया।

मौसा कुर्बान अली ने पुलिस से फरियाद की, जिस पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत टीमें लगाकर तलाश शुरू करा दी। मात्र दो घंटे में मोहल्ला कोलियान से उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह मय हमराह कांस्टेबल मनीचंद्र व महिला कांस्टेबल रश्मि ने अयान को सकुशल ढूंढकर मौसा के सुपुर्द कर दिया।

# कॉलेज को सौंपी शिक्षिका की पार्थिव देह

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज


करुणा।


चिकित्सा महाविद्यालय में मौजूद परिजन व संस्थान के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षिका के निधन के बाद परिजनों ने पार्थिव शरीर एमबीबीएस छात्रों के अध्ययन के लिए युग दधीचि देहदान संस्थान के माध्यम से मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया। यह दूसरा देहदान है। इससे पहले फरवरी में देह सौंपी गई थी।

रविवार 14 अप्रैल को अशोक नगर कानपुर निवासी 79 वर्षीय करुणा श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनके भाई सुनील श्रीवास्तव ने अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को फोन कर देहदान कराने का आग्रह किया। सेंगर ने जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज कानपुर को नेत्रदान कराने के बाद पत्नी माधवी सेंगर से परामर्श करके देह चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज को दान करने का निश्चय किया। सोमवार को सेंगर दंपति दोपहर 12 बजे एंबुलेंस से शव लेकर महाविद्यालय पहुंचे। यहां एनाटामी हेड डॉ. मंजुला सिंह व डा. कुलदीप को देह सौंपी।

इस अवसर पर कन्नौज देहदान अभियान प्रभारी विनय दुबे दीपक और तिर्वा प्रभारी त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी ने पार्थिव देह पर मंत्रोच्चार के साथ पुष्प अर्पित किए। सेंगर ने बताया कि करुणा श्रीवास्तव प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त थीं। वे माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट में उपाध्यक्ष भी रहीं। उन्होंने वर्ष 2020 में देहदान संकल्प लिया था। बड़ी बहन सुमन भी शिक्षिका थीं और उनकी देह भी वर्ष 2023 में जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज कानपुर को दान की गई।

प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने इस दूसरे देहदान के लिए सेंगर दंपति एवम श्रीवास्तव परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कानपुर में देह समर्पण के समय करुणा के भाई विनोद श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, भतीजा अनिंद श्रीवास्तव आदि परिजन उपस्थित रहे।

## लोगों के सहयोग से स्कूल प्रबंधक ने पकड़ा साइकिल चोर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्कूल परिसर से लगातार साइकिल चोरी होने से प्रबंधक सहित नागरिक परेशान थे। सक्रिय हुए स्कूल प्रबंधक ने नागरिकों के सहयोग से चोर को साइकिल सहित पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

नगर के रामकृष्ण नगर स्थित स्कूल के प्रबंधक पंकज दुबे ने बताया कि मार्च में परिसर में खड़ी छात्र की साइकिल चोरी हो गई थी। सोमवार की दोपहर फिर साइकिल चोरी हो गई।

लगातार हो रही चोरी से मोहल्लेवासी भी परेशान थे। कड़ी मशक्कत के बाद नागरिकों के सहयोग से चोर को साइकिल सहित पकड़ लिया। इसके बाद पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस चोर को कोतवाली ले आई और पूछताछ कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अखिलेश के चित्र के साथ आपत्तिजनक हरकत, रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बीते दिनों बनारस में किसी सिरफिरे ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चित्र के साथ आपत्तिजनक हरकत तथा गालीगलौज करते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इससे गुस्साए सपा कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को ज्ञापन देकर आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बनारस में हुई हरकत से समस्त तहसील एवं जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। यह अपराध की श्रेणी में आता है। कार्यकर्ताओं ने उपरोक्त वायरल वीडियो के आधार पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान चंद्रजीत यादव, राजेश सिंह शाक्य, अंकुर सिंह यादव, हरिकिशन शाक्य, अमित दिवाकर, संजीव यादव, कमलेश यादव, सहनोज यादव, संतोष गुप्ता, रजनीश यादव व रत्नेश सहित कई सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## रेलिंग तोड़ एक्सप्रेस वे से नीचे उतरा बेकाबू ट्रक

**तालग्राम, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी 161 पर ट्रक अनियंत्रित हो गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे उतर गया। ट्रक को असलम निवासी रूपसपुर थाना मक्खनपुर, फिरोजाबाद चला रहा था। चालक लखनऊ से शिकोहाबाद खाली ट्रक लेकर जा रहा था। उसके साथ में खलासी असहर भी था। चालक को नींद आ जाने के कारण हादसा हुआ। हादसे में चालक व खलासी मामूली रूप से घायल हो गये।

# शूटिंग रेंज, टीटी कोर्ट की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


उद्घाटन के बाद विलियड्र्स खेलते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित जीर्णोद्धार किये गए मनोरंजन हॉल, एयर राइफल एयर गन शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस कोर्ट, स्नूकर रूम आदि का उद्घाटन एसपी ने किया। कहा, अब पुलिस को मनोरंजन व शूटिंग की बेहतर ट्रेनिंग मिलेगी।

सोमवार को अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन में मनोरंजन हॉल, एयर राइफल, एयर गन शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस कोर्ट व स्नूकर रूम का जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बताया कि सभागार का प्रयोग लोकसभा चुनाव में गोष्टी के लिये तथा पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग व ट्रेनिंग देने का काम किया जायेगा। यहां पर पुलिस कर्मियों के लिए टेबल टेनिस खेलने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह एक स्नूकर रूम का भी उद्घाटन किया गया है। यहां पर एयर गन और एयर राइफल शूटिंग की व्यवस्था का निर्माण किया गया है जो पुलिसकर्मियों की निशाना बाजी को सुधारने में बहुत उपयोगी रहेगी। यह सभी सुविधाएं कन्नौज की आम जनता के लिए भी खुली रहेंगी। कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहां प्रैक्टिस कर सकता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कट रही सरकारी जमीन पर खड़ी फसल, जिम्मेदारों को खबर नहीं

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकारी जमीन पर खड़ी फसल न काटने का अल्टीमेटम मिलने के बाद भी दबंग कटाई में जुटे हैं। वहीं तहसील प्रशासन इस सबसे बेखबर है।

तहसील क्षेत्र के खानपुर ग्राम सभा के पल्यौरा गांव में करीब एक हजार बीघा से अधिक सरकारी भूमि है। इस पर कब्जा करके दबंग किसान बार-बार फसल तैयार कर लेते हैं जिसे प्रशासन द्वारा कटवाकर जमीन खाली करा दी जाती है। इसके बाद फिर से यही प्रक्रिया दोहराई जाती है। विगत दो साल में दो बार प्रशासन जमीन खाली करा चुका है। एक बार तो कब्जेदारों के खिलाफ एफआईआर भी कराई गई थी। इस साल दबंगों ने गेहूं की फसल तैयार कर ली। जानकारी पर दस दिन पहले जिम्मेदारों ने चेतावनी दी कि फसल न काटें। इसे प्रशासन कटवाकर नीलाम कराएगा। तहसील प्रशासन अल्टीमेटम देने के बाद शांत हो गया जिससे कब्जेदारों का दुस्साहस बढ़ गया और वे तेजी से फसल काटने में लगे हैं।

## सार-संक्षेप

### ट्रक से टकराई कार, पांच लोग घायल

तालग्राम, कन्नौज। बाराबंकी नई बस्ती लखपेड़ाबाग निवासी विशाल आगरा से कार लेकर लखनऊ जा रहे थे। कार में उनकी मां सुनीता देवी व थाना मसौली सहादतगंज निवासी उदयप्रताप, रंजीता व मंजीता सवार थीं। रविवार रात एक्सप्रेस-वे के किमी 167 ग्राम रनवां गांव के करीब आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने कर्मियों के साथ घायलों को यूपीडा एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से टोल प्लाजा 172 पर खड़ा कराया गया।



बच्चों को ट्रॉफी देते सीडीपीओ सतीश कुमार। अमृत विचार

### स्कूल में सम्मान पाकर चहक उठे बच्चे

छिबरामऊ, कन्नौज। शिक्षा सत्र के समापन के बाद प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी में बच्चों के सम्मान में एक कार्यक्रम हुआ यहां सीडीपीओ द्वारा बच्चों व अभिभावकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि सीडीपीओ सतीश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के शिक्षण कार्य से जाहिर हो रहा है कि बच्चे सरकार की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बच्चों को भविष्य में अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प प्रधानाध्यापिका सुमन लता यादव ने अतिथियों का सम्मान किया।

### नींद की हालत में छत से गिरकर अधेड़ की मौत

छिबरामऊ। मोहल्ला विरतिया ऊंचा नई बस्ती निवासी 51 वर्षीय गुड्डू पुत्र इशरत पुताई का काम करके परिवार का भरण पोषण करते थे। रोज की भांति रविवार को भी खाना खाकर परिवार के साथ दूसरी मंजिल की छत पर सो गए। रात करीब 1:30 बजे गुड्डू के घर के सामने रहने वाले दिलशाद सिद्दीकी अपने भाई के साथ रिश्तेदारी से लौटकर आए तो सड़क पर गुड्डू को खून में सना पड़ा देखा। शोर सुनकर पूरे मोहल्ले के लोग और परिजन आ गए। आनन फानन उन्हें निजी चिकित्सक के पास ले गए। हालत गंभीर देख वहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें लेकर फर्रुखाबाद पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों का मानना है कि गुड्डू नींद की हालत में उठे होंगे और संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर पड़े होंगे।

### युवक को तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

तालग्राम, कन्नौज। थानाध्यक्ष तालग्राम पारूल चौधरी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक किशनवीर सिंह, शिवकिशोर ने सोमवार को अभियान चलाया और सूचना पर छापेमारी की। इसमें कस्बा के मोहल्ला जेरकिला निवासी जानिब को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

खेती-किसानी

जनपद में कम उत्पादन होने व सभी कोल्ड स्टोर न भरने से संभावनाएं प्रबल

# आलू की कीमतें किसानों को दिला सकती हैं लंबा मुनाफा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कोल्ड स्टोरेज में रखा आलू। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूं तो आलू की कीमतों के लिए किसान परेशान रहते हैं, लेकिन इस बार उनको फायदा होने की पूरी उम्मीद है। हालांकि कीमतें बढ़ने से खरीदारों की जेब हल्की हो सकती है। मौसम की वजह से जनपद में आलू की कम पैदावार हुई है। इस वजह से सभी कोल्ड स्टोरेज पूरे नहीं भरे हैं। पिछले साल का जो आलू कोल्ड स्टोरेजों में रखा था, वह पूरी तरह से खपत हो जाने से सड़कों किनारे नहीं फेंका गया।

सब्जियों का राजा कहे जाने वाले आलू का कन्नौज में क्रेज इस बार बढ़ने लगा है। बाजारों में फुटकर में अभी से ही 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। ज्यादातर किसानों ने अपना-अपना आलू कोल्ड स्टोरेजों में रख दिया है। इस वजह से बहुत कम किसान ही बचे होंगे, जिनके पास आलू घरों या बाग में रखा होगा। शीतगृहों से जब आलू की निकासी शुरू होगी तो उसका रेट और बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022-23 में जब उत्पादन खूब हुआ तो कोल्ड स्टोरेजों में भंडारण की जगह नहीं बची थी। पड़ोसी कई जनपदों से भी आलू रखने के लिए किसान व व्यापारी यहां आए थे। उसके बाद भी अक्टूबर से नवंबर तक जब कोल्ड स्टोरेज खाली किए जाते हैं तो आलू बाहर नहीं फेंका गया। कारण, बारिश हो जाने की वजह से नया आलू देर से बाजार आया। इस बीच पुराने की ही खपत हुई। जानकारों की माने तो इस बार तो कोल्ड स्टोरेज पूरे भरे ही नहीं हैं तो पूर्ति करना ही मुश्किल काम हो जाएगा। अभी तो कोल्डस्टोरेजों में किसानों ने आलू भंडारण किया है अब दाम और बढ़ेंगे। सब्जियों में आलू को लोग खूब पसंद करते हैं। कई तरह का उपयोग होता है।

- शीतालयों में रखा पिछली फसल का आलू भी नहीं फेंका गया था इस बार

"कोल्ड स्टोरेज में कितना आलू पहुंचा है, इसकी फाइनल रिपोर्ट अभी बनी नहीं है। हालांकि सभी कोल्ड स्टोरेज पूरे नहीं भरे हैं। जनपद में करीब 52 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू फसल की संभावना है। किसानों को रेट इस बार सही मिलने की उम्मीद है।

–सीपी अवस्थी, डीएचओ

### आलू के जरूरी आंकड़े

- 52 से 53 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल है आलू का।
- 173 कोल्ड स्टोरेज जनपद में हैं।
- 17 लाख मीट्रिक टन से अधिक है भंडारण क्षमता।
- 15 से 16 लाख मीट्रिक टन पैदावार भी होती है।

### इन फसलों पर किसान अधिक निर्भर

- जनपद के किसानों की पहली पसंद आलू है। इसके अलावा गेहूं व मक्का की फसल भी खूब होती है। अबकी किसानों ने मूंगफली व सरसों की ओर भी ध्यान बढ़ाया है।

## बिजलीघर में जेई और कर्मचारियों से की अभद्रता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के पूर्वी बाईपास के बिजलीघर में ठेकेदार के जेई व कार्यालय में मौजूद स्टाफ के साथ अभद्रता करने से साथियों में आक्रोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है।

अवर अभियंता आशीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ठेकेदार अनूप कटियार निवासी कपूरापुर, मानीम ऊ, कन्नौज उपभोक्ता शैलेन्द्र सिंह पुत्र राधेश्याम निवासी पछाये पुरवा की लैब रिपोर्ट बदलने का दबाव बनाने लगे। लैब रिपोर्ट बदलने से मना करने पर ठेकेदार अभद्रता करने लगे, विरोध करने पर जाति सूचक गालियां व जान से मारने की धमकी दी। जिससे बिजली घर में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है।

# लोकसभा चुनाव में प्रशासन के सामने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की चुनौती

## फर्रुखाबाद संसदीय सीट के मतदाता वोट डालने में रहते पीछे, 1952 में सबसे कम वोट

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने इसबार वर्ष 2014 के मतदान प्रतिशत को तोड़ने की चुनौती होगी। क्योंकि मतदान के मामले में लाख जागरुकता के बाद भी फर्रुखाबाद पीछे हैं। यहां अब तक सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब 60 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत 65 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा है। यह हाल तब है, जब जिला प्रशासन चुनाव से लगभग एक साल पहले ही मतदाता जागरुकता अभियान शुरू कर देता है। इसके तहत लाखों रुपये भी खर्च किए जाते। मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में भी बताया जाता। मगर मतदान वाले दिन नतीजा ढांक के तीन पात ही नजर आता है।

चुनाव में हार-जीत के लिए एक वोट ही काफी है। कभी-कभी एक वोट से ही अच्छी सरकार बनते-बनते रह जाती है, जिसका खमियाजा जनता को पांच साल तक भुगतना पड़ता है। जनमानस वोट की ताकत को समझे, इसके लिए जिला प्रशासन चुनाव से पहले ही मतदाता जागरुकता अभियान शुरू करता है। इसके पीछे मंशा मतदान प्रतिशत बढ़ाने की होती है। मगर जनपद में इसका असर आज तक नहीं दिखा। वर्ष 1952 में जनपद में पहला लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें सिर्फ 41 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 1957 में प्रतिशत बढ़कर 55 प्रतिशत हुआ, लेकिन 1962 के आम चुनाव में प्रतिशत फिर घटकर 52 प्रतिशत पहुंच गया। सबसे ज्यादा 60.15 प्रतिशत मतदान वर्ष 2014 में हुआ था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को 406195, सपा के रामेश्वर सिंह यादव को 255693 और बसपा के जयवीर सिंह को 114521 मत मिले थे।

कांग्रेस के सलमान खुर्शीद 95543 मत पाकर चौथे स्थान पर आए थे। वर्ष 2019 में फिर मतदान प्रतिशत घटकर 58 प्रतिशत रह गया। अब देखना है वर्ष 2024 में फर्रुखाबाद की जनता कितने प्रतिशत वोट करती है।



फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र का मानचित्र। अमृत विचार

● अब तक महज एक बार 60 फीसदी के ऊपर हुआ मतदान

**लोकसभा चुनाव का मतदान प्रतिशत**

| वर्ष | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| 1952 | 41 |
| 1957 | 55 |
| 1962 | 52 |
| 1963 | 51 |
| 1967 | 56 |
| 1971 | 53 |
| 1977 | 58 |
| 1980 | 48 |
| 1984 | 59 |
| 1989 | 55 |
| 1991 | 51 |
| 1996 | 48 |
| 1998 | 58 |
| 1999 | 51 |
| 2004 | 48 |
| 2009 | 47 |
| 2014 | 60 |
| 2019 | 58 |

## भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सभी वर्गों का रखा ध्यान: महेश दुबे

**फर्रुखाबाद।** भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा है। सरकार जहां पांच साल तक गरीबों को मुफ्त राशन देगी तो तीन करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर भी मुहैया कराएगी। यह बात पत्रकारों से रूबरू होते हुए भाजपा के जिला प्रभारी शिव महेश दुबे ने कही। हालांकि पत्रकारों के सवालों से वह बचते दिखे। आवास-विकास कॉलोनी स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला प्रभारी ने कहा कि सपा-कांग्रेस अपना लेखा-जोखा देने को तैयार नहीं है, जबकि भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल का पूरा लेखा-जोखा देने के साथ ही संकल्प पत्र में कई कल्याणकारी योजनाएं शामिल की हैं।

सरकार अगले पांच साल तक गरीबों को मुफ्त राशन देगी तो बेघर तीन करोड़ लोगों को आवास दिए जाएंगे। रोजगार के लिए दिए जाने वाले मुद्रा लोन की धनराशि दोगुनी की जाएगी। पेपर लीक मामले में कानून बनाया जाएगा। जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। पत्रकारों ने जब स्थानीय विकास व मुद्दों की बात की तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आज सिर्फ संकल्प पत्र पर बात होनी है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता भी पत्रकारों के तीखे सवालों के जवाब देने से बचते रहे।

# चिकनपॉक्स का मरीज मिला

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद



सीएचसी कयमगंज। अमृत विचार


सीएमएस डॉ. शोभित शाक्य।

**अमृत विचार।** कायमगंज सीएचसी क्षेत्र में चिकनपॉक्स का मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सीएमएस बोले कि रोगी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। उनका कहना है कि जिले में तेजी से फैल रहे वायरल बुखार में भी चकत्ते पड़ रहे हैं। इस वजह लोगों को तेज बुखार आते ही निकट के सरकारी अस्पताल से संपर्क करना चाहिए।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरशीदाबाद पहाड़ी में एक ही परिवार में चिकनपांक्स के पांच मरीज मिले है। इससे स्वास्थ विभाग में हडकंप मच गया है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। गर्मी का मौसम आ गया है। मौसम के परिवर्तन के कारण वायरल देखा जा रहा है। ऐसे में अब चिकनपॉक्स के मरीज भी सामने आने लगे है। सोमवार को ताजा मामला क्षेत्र के गांव मऊरशीदाबाद के पहाड़ी निवासी अरशद की पत्नी राबिया 35 के शरीर पर पहले हल्के हल्के दाने निकले। इसके बाद उसके शरीर में दाने बढ़ते चले गए और असहनीय दर्द से वह व्याकुल हो गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर दौड़े। जहां उसका इलाज किया गया। राबिया ने बताया सबसे पहले उसके बेटे अयान को हुआ। उसके बाद उसकी पुत्री साजिया व जोया व उसके पति अरशद को हुआ।

इधर चिंकनपांक्स के संबंध में डाक्टर कहते है यह जानलेवा बीमारी नहीं लेकिन यह बेहद पीड़ादायक है। इसका असर करीब सात दिनों तक रहता है। मरीज को बेहद साफ सफाई में रहना चाहिए। यह बीमारी संक्रमण फैलाती है। इससे बेहद साबधानी की जरूरत होती है। इससे पीड़ित लोगो के पूरे शरीर में फुंसिया हो जाती है। मरीज को पानी उबाल कर देना चाहिए। तेल मसाले से परहेज रखे। तली भुनी चीजों का सेवन न करे। इस दौरान पानी की मात्रा सही हो। गाजर का जूस पीए। दही का सेवन करे। तरबूज, कीवी, नासपाती का सेवन करें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

● अधीक्षक बोले, रोगी का सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा

कायमगंज सीएचसी अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने बताया इसका जांच के लिए सेंपल भेजा जाएगा तभी चिकनपाक्स स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया इस समय वायरल बुखार चल रहा है। जिसमें चकत्ते पड़ जाते है। ऐसी स्थिति में बुखार को ज्यादा चढने न दे और चिकित्सक की फौरन सलाह ले पैरासीटामांल व एंटीएलर्जिक दवा खाये। साबधानी बरतने की जरूरत होती है। इससे पीड़ित लोगो के पूरे शरीर में फुंसिया हो जाती है। सीएम एस ने बताया किटीम को पीड़ित घर भी भेजा जाएगा और जांच की जाएगी।

वही आसपास के लोगो की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रतिक्षरण अधिकारी रामनरेश को दिशा निर्देश दिए गए है। इस सम्बंध में सीएमओ डाक्टर अबनींद्र कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले को गम्भीरता से लेकर रोगी का नमूना लेकर जांच को भेजा जाएगा। वह तत्काल कायमगंज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दे रहे है।

## एक नजर

### कपड़ा व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** कपड़ा व्यापारी नें गृह कलह में चलते अपनी गोदाम में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया शेख ईनायत अली निवासी 50 वर्षीय अनीस उल रहमान मोहल्ले में ही कपड़े का शो-रूम चलाते थे। जानकारी में मुताबिक अनीस उल रहमान सुबह पांच बजे घर से कानपुर जानें के लिए निकले। सुबह लगभग 9:30 बजे उनका पुत्र आसिफ गोदाम से माल निकालनें गया तो अनीस उल रहमान दुपट्टे से पंखे में फांसी पर झूल रहे थे। अनीस उल रहमान की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पर कोतवाल जेपी शर्मा व तिकोना चौकी इंचार्ज येतेन्द्र कुमार मौके पर पंहुचे। पुलिस नें शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी नसरीन बानो आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने कराया डॉक्टरी परीक्षण

**फर्रुखाबाद।** कादरीगेट थाने के मोहल्ला आवास विकास कालोनी में कूड़ा डालने को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने परिजनों के साथ हमला बोल दिया। पथराव और डंडों के हमले से शोभा देवी, उनके पति रजत प्रताप सिंह घायल हो गए। दंपति के शरीर में काफी चोटें हैं। शोभा देवी ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाने के गांव उखरा निवासी सालिगराम की 18 वर्षीय पुत्री नन्ही ने सोमवार सुबह विषाक्त पदार्थ निगल लिया। हालत खराब होने पर परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी हालत में सुधार बताया जाता है।

# डीएम ने बताए बाढ़ व हीटवेव से निपटने के उपाय

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की अध्यक्षता में हीट वेव से बचाव एवं सूखा न्यूनीकरण व वाढ के संबध में आवश्यक तैयारियों के लिये राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम रोजगार विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर निगम विभाग, विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बाढ़ चौकियां के स्थल का चिन्हीकरण कर लिया जाये, बाढ़ चौकियों पर लगने वाले सभी विभागों के कार्मिको के नाम मोबाइल नम्बर की सूची बना ली जाये। सभी एस डी एम अपने क्षेत्र में मौजूद नावों का भौतिक सत्यापन तहसीलदार के माध्यम से करा लें। सभी नाव मालिकों व नाविकों के नाम पता और मोबाइल नंबर का वेरिफिकेशन करा लें। अपने क्षेत्र के सभी गोताखोरों की सूची बनाकर सत्यापन करा लें। सभी बाढ़ प्रभावित एरिया मैं ड्रिंकिंग वॉटर की व्यवस्था कर ले सिंचाई विभाग अपनी सभी मैन व ब्रांच नहरों की मरम्मत करा लें व उनकी पटरी को सही करा लें। सभी पार्कोपाइन को चेक कर सही कर ले। एस डी एम इसका स्थलीय निरीक्षण करे, चाचूपुर ओर जो गांव नदियों के किनारे है उनको कटान से बचाने के इंतजाम किये जायें। सभी विभाग 15 मई तक अपनी कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराए।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गम्भीर हो जाती है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिये व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिये, ठंडक प्रदान करने वाले फलों व पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिये, तेज धूप होनें पर बाहर न निकलें, अगर बाहर निकलना आवश्यक हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल साथ लेकर चलना चाहिये और उनका प्रयोग करना चाहिये। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिये। जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये गये कि हीट वेव से बचाव के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिये जायें। सभी सीएचसी, पीएचसी पर डॉक्टरों की टीमों के साथ ओआरएस व प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रहें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके। नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई कर जगह-जगह पर प्लाऊ लगायें जायें व साथ ही साथ कूड़ा उठाने वाली गाडियों में लगे स्पीकरों के माध्यम से हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें और क्या न करें का प्रचार-प्रसार किया जाये। पशु पालन विभाग को निर्देश दिये गये कि सभी गौशालाओं में गायों के लिये पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये। घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाये। पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया गया कि पानी के खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत कर ली जाये। आवश्यकतानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया हो जंहा पर लोगों का ठहराव होता हो का चिन्हांकन कर पीने के पानी के लिये प्याऊ की व्यवस्था की जाये। ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाये। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाये। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी विद्यालायों में पेयजल एवं पखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाये।

● आपदा प्रबंधन की बैठक, पेय पदार्थों का ज्यादा करें सेवन

**एक्शन मोड में रहें**

अग्निशमन विभाग से उन्होंने कहा कि हर समय एक्शन मोड में रहें। जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि जर्जर, टूटे हुये बिजली के खम्भों को सही कर लिया जाये। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में महेंद्र सिंह आई ए एस( प्रशिक्षु), समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, आपदा विशेषज्ञ एवं सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सार-संक्षेप

### रेलवे का टिकट ब्लैक करते दलाल गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** रेलवे की तत्काल टिकट की दलाली करते हुए आरपीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति को एक तत्काल टिकट की दलाली कर रहा है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षक रामसूरत यादव, आरक्षक संजीव कुमार, आरक्षक देवेंद्र सिंह राघव, महिला आरक्षक कृष्णावती के साथ रेलवे आरक्षण केंद्र फर्रुखाबाद पर चेकिंग करने पर एक व्यक्ति को एक तत्काल टिकट के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी नें अपना नाम दिलीप कुमार पुत्र भूरेलाल निवासी सिंधी कॉलोनी सरदार खान मोहल्ला फर्रुखाबाद बताय।

### पुरानी एंबुलेंस में लगी आग, कर्मचारियों ने बुझाई आग

**अमृतपुर, फर्रुखाबाद।** राजेपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फील्ड में खडी ओमनी कार में अचानक आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गयी। सीएचसी प्रभारी डॉ आरिफ सिद्दीकी मौके पर पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात माली द्वारा बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाई गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि किसी व्यक्ति के द्वारा बीड़ी, सिगरेट पीकर फेकने से गाड़ी मे आग लग गई।

### जगदीश सिंह अध्यक्ष, किशन सिंह सचिव चुने गए

**फर्रुखाबाद।** भारत विकास परिषद फतेहगढ़ शाखा का चुनाव फतेहगढ़ स्थित एक स्कूल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से जगदीप सिंह को अध्यक्ष व किशन सिंह वर्मा को सचिव चुना गया। प्रांतीय पदाधिकारी रमेश मल्होत्रा की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी आलोक रायजादा की देखरेख में चुनाव हुआ। कन्हैया लाल जैन ने सभी सदस्यों से अपना-अपना नाम प्रस्तावित करने को कहा, लेकिन किसी का भी नाम न आने के कारण शाखा में तीसरी बार सरदार जगदीप सिंह को अध्यक्ष, किशन सिंह वर्मा व श्याम प्रकाश श्रीवास्तव को सचिव चुन लिया गया। संदीप शुक्ला पहली बार कोषाध्यक्ष बने। इस अवसर पर प्रवीण माथुर, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने जताया विरोध, नहीं किया काम

**फर्रुखाबाद।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने से गुस्साए अधिवक्ताओं ने फतेहगढ़ कचहरी और अमृतपुर तहसील में कार्य नहीं किया। अधिवक्ताओं ने मुकदमा वापस लेने की मांग की। कमालउद्दीनपुर निवासी वकील सुधांशु पाठक व उनकी प्रधान पत्नी रीतू पाठक के खिलाफ गाली गलौज व धमकी देने का मुकदमा गांव की नीता पांडेय ने राजेपुर थाने में दर्ज कराया था। वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर बारएसोसिएशन महासचिव नरेश सिंह यादव ने जिजा जज व डीएम को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि ग्राम पंचायत में अच्छा काम करने के लिए शासन ने 35 लाख का प्रथम पुरूस्कार दिया है। लेकिन रंजिश में वकील सुधांशु व उनकी प्रधान पत्नी रीतू पाठक के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके कारण वकीलों में रोष है। विरोध के कारण सोमवार को वकील कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ता संघ के महामंत्री राजेश कुमार अग्निहोत्री ने वकील सुधांशु व पत्नी रीतू के खिलाफ दर्ज मुकदमे की राजपत्रित अधिकारी से जांच करवाकर तीन दिन के अंदर मुकदमे को समाप्त करने की मांग की है।

### तैनाती स्थल पर ही निवास करें अधिकारी: डीएम

**फर्रुखाबाद।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक में राजेपुर, कमालगंज क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी। डीएम डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में नालियो की सफाई कम पाई गई। कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पाई गई।

# साइबर पेट्रोलिंग से बचेगी चुनावी शुचिता

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के अनुपालन और चुनावी शुचिता पर निर्वाचन आयोग की ओर से लगातार जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया में भ्रामक समाचारों पर नजर रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से कलेक्ट्रेट में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की स्थापना की गई है। वहीं इंटरनेट मीडिया पर उपलब्ध विभिन्न प्लेटफार्म जैसे एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम के अलावा यू-ट्यूब पर नजर रखने के लिए पुलिस भी साइबर पेट्रोलिंग और कम्यूनिटी पुलिसिंग में हाथ आजमा रही है। शासन की ओर से पुलिस को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ कंटेंट पर नजर रखने के निर्देश हैं। इसके लिए आम लोगों से भी मदद लेने का प्रावधान है। साइबर सेल की पुलिस टीम सोशल मीडिया पर मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुसलमान आदि की-वर्ड डालकर लगातार सर्च करती है। विवादित पोस्ट डालने वाले लोगों को भी चिह्नित कर उनकी पोस्ट पर नजर रखी जाती है। शासन स्तर पर पुलिस महानिदेशालय स्तर पर वाट्सएप चैनल बनाया गया है। इसमें हर थाने के अधिकारी व पुलिस कर्मी जोड़े जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जनपद के सभी थानाध्यक्षों के अलावा 10-10 पुलिसकर्मी पुलिस के व्हाट्सएप चैनल से जोड़े गए हैं। फिलहाल साइबर सेल के माध्यम से ही सोशल मीडिया पर साइबर पेट्रोलिंग का काम किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी हर पोस्ट पर पुलिस की नजर है।

● 10-10 पुलिसकर्मी पुलिस के व्हाट्सएप चैनल से जोड़े गए


क्रॉप-कटिंग कराते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

## डीएम ने कराई गेहूं की क्रॉप-कटिंग

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह के निर्देशन में तहसील सदर परगना पहाड़ा के ग्राम ढिलावल में किसान विश्वनाथ के खेत गाटा संख्या 283, 0.214 है. में से 43.5 वर्ग मीटर में क्रॉप कटिंग की गई, जिलाधिकारी ने गेहूं की कटाई कर क्रॉपकटिंग की शुरुआत की। महेंद्र सिंह आईएएस (प्रशिक्षु) एवं प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आशीष भारद्वाज को क्रॉपकटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त एरिया में क्रॉपकटिंग के परिणाम स्वरूप 18.600 किग्रा गेहूं उत्पादित हुआ। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व तहसीलकर्मी मौजूद रहे।

भजन संध्या

संस्कार भारती के बैनर तले कला साधकों ने भजन गाकर बांधा समां, नृत्य के साथ झूमे लोग

# देखो मिथिला मगन भई आज, सिया को जन्म भयो...

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संस्कार भारती ने भारतीय नववर्ष नव संवत्सर के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया। रविवार देर शाम को नगर के प्राचीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर में आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ संस्था के ध्येय गीत से हुआ। अरविंद दीक्षित ने भारतीय नववर्ष पर प्रकाश डाला। इसके बाद आदेश मिश्रा ने गणेश वंदना की। साधना श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव ने भारतीय नववर्ष की रंगोली बनाई। गौरव मिश्रा बंटी ने 'राम नाम अति मीठा है कोई खाके देखे,आ जाते है राज कोई बुलाके देखे भजन प्रस्तुति किया। दीपक मिश्रा ने 'ओ मेरे श्याम सलोने सरकार, बना दो बिगड़ी मेरी भजन प्रस्तुत किया। वैभव मिश्रा ने अरज सुनो मोरी शेरा वालिए, आशुतोष मिश्रा हे री मैं तो प्रेम दीवानी, मेरो दर्द न जाणै कोय। लोक गायिका आस्तिकि मिश्रा ने देखो मिथिला मगन भई आज, सिया को जन्म भयो, संयोजक नरेन्द्र नाथ मिश्रा ने मां मुझे अपने आंचल में छिपा ले, गले से लगा ले आदि भजन पर शानदार प्रस्तुति दी। अन्नू शुक्ला, आशुतोष मिश्र, प्रीति तिवारी आदि ने भजन गीत गाए। मिष्ठी मुकर्जी ने महिषासुरमर्दिनी स्तोत्रम् नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। नवीन मिश्रा नब्बू सभी ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आवाह्न किया। भारती मिश्रा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। कुलभूषण श्रीवास्तव ने सभी का चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया। अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में दिलीप कश्यप, अर्पण शाक्य, अरविंद दीक्षित, सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय गर्ग, रविन्द्र भदौरिया, अर्चना द्विवेदी, प्रभात मिश्रा, अनुपम मिश्रा, आदेश अवस्थी, समरेंद्र शुक्ल, शशिकांत पाण्डेय, रीतू शुक्ला, शिवम शर्मा, कुलभूषण श्रीवास्तव, सिमरन सिंधी, अमित सक्सेना, राज गौरव पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार। अमृत विचार


भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक व अन्य। अमृत विचार

## ट्रेन के शौचालय में फंदे से लटका मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**फर्रुखाबाद।** पैसेंजर ट्रेन के शौचालय में आरपीएफ को एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली। जिसको नीचे उतार कर पहचान करानें का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नही हो सकी।

सोमवार को सुबह 10:30 बजे टूंडला से फर्रुखाबाद के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर पंहुची। ट्रेन के अंतिम कोच के शौचालय का दरवाजा भीतर से बंद होनें सफाई कर्मियों नें आरपीएफ को सूचना दी। जब रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नें पड़ताल की तो एक 35 वर्षीय युवक का शव शौचालय के फ्लेश टैंक से जुड़े पाइप से गमछे से फांसी पर झूलता मिला। दरबाजे को तोड़कर शव को ट्रेन के बाहर निकाला गया। लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी। आरपीएफ नें शव को कब्जे में ले लिया है।

# खाई में बाइक गिरने से युवक की थम गईं सांसें

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में घर से ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। थाना शमशाबाद क्षेत्र निवासी आकाश(24) पुत्र रमन वर्मा अपने घर से रात्रि 3 बजे बाइक नंबर यूपी 76 ए के 3248 से अपनी ससुराल अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गलारपुर जाने के लिए निकला। 21 अप्रैल को उसकी साली की शादी होनी है। जब ग्राम पंचम नगला के करीब पहुंचा तो मोड पर उसकी तेज रफ्तार बाइक फिसल गई और गहरी खाई में जा गिरी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रात्रि का समय सुनसान होने के कारण मौके पर कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा। सुबह जब गांव के लोग वहां पहुंचे तो युवक को खाई में बाइक सहित पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों ने जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर अमृतपुर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय भी घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने युवक को खाई से बाहर निकालवाया और उसे राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के पहुंचने तक बाइक की लाइट जल रही थी। मृतक व्यक्ति ढाई घाट चौरा होते हुए ससुराल गलारपुर आ रहा था। थानाअध्यक्ष ने बताया पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया दुर्घटना के कारणों की जांच भी की जाएगी।


आकाश।

# विकास भवन के सामने वाले गेट से नामांकन को जाएंगे प्रत्याशी

## डीआईओएस कार्यालय के पास खड़े होंगे वाहन, नामांकन के लिए प्रशासन ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल किए जाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। राजनैतिक दलों को भी बता दिया गया है कि कहां से प्रत्याशी कलक्ट्रेट में जाएंगे और किस स्थान पर वाहन खड़े होंगे।

इस संबंध में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ आदर्श आचार संहिता नामांकन तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा किए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। जहां डीएम ने बताया कि सभी राजनीतिक दल जिलाधिकारी आवास चौराहा से पश्चिम की ओर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास खाली पड़े मैदान में अपना वाहन खड़ा करेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी जिला अधिकारी चौराहे से विकास भवन की ओर विकास भवन के सामने से जिलाधिकारी कार्यालय गेट नंबर 1 से नामांकन के लिए प्रवेश करेंगे। राजनीतिक दल प्रत्याशियों के साथ गेट नंबर 1 से चेकिंग के उपरांत नामांकन कक्ष के लिए अंदर आएंगे। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में जाकर नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के समय जो भी व्यक्ति अपने निजी कार्य से कोर्ट कार्य से आएंगे वह कलैक्ट्रेट नंबर तीन प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के बराबर वाले गेट से प्रवेश करेंगे।

उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल 18 से 25 अप्रैल तक पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि अंदर नामांकन कक्ष में भगदड़ शोर शराबा न करें।


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम अवनीश राय। अमृत विचार

### नामांकन कक्ष में सिर्फ पांच लोग ही जा सकेंगे

डीएम ने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ नामांकन कक्ष में पांच कैंडिडेट से ज्यादा अनुमन्य नहीं है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि जुलूस आदि की परमिशन अवश्य ले ली जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी शहर अमित कुमार सिंह, मलखान सिंह यादव कांग्रेस, उदय भान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, विक्रम अग्रवाल भाजपा, रविंद्र कुमार बिल्लू महासचिव बीएसपी, संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी मौजूद रहे।

# तमंचे बरामद, दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**इटावा।** शहर में रविवार की रात अलग-अलग स्थानों पर किशोर सहित दो तमंचा धारी वारदात करने से पहले पुलिस ने पकड़ लिए। शहर कोतवाल विक्रम सिंह ने बताया कि पुराना बस अड्डा के पास ओवरब्रिज के नीचे मंदिर के पास रात पौने नौ बजे एसआई राजेश कुमार की सूचना पर फोर्स के साथ फिरोजाबाद में रेलवे स्टेशन रोड पर मोहल्ला मेहराबाद के रजत उर्फ राजा शर्मा को तमंचा कारतूस सहित पकड़ लिया गया। दूसरे मामले में एसआई सौरभ सिंह को रात ढाई बजे भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि बीएसए कार्यालय के सामने गांधी आश्रम के पास तमंचाधारी घूम रहा है, घेराबंदी करके उसे पकड़ा गया तो तमंचा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की उम्र 15 साल पाई गई। दोनों तमंचाधारी संगीन वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे लेकिन पकड़े गए। दोनों खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। किशोर को किशोर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। पुलिस कहना है कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# हत्या के मामले में तीन दोषियों को हुई उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम राम चंद्र यादव ने हत्या के आठ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के गांव बेरी खेड़ा निवासी कोमल सिंह, छोटे पुत्रगण बलराम, चंदन पुत्र मूंगा लाल व दिनेश शर्मा पुत्र विनोद शर्मा का अपने ही गांव के कुछ लोगों से पुरानी मुकदमें बाजी को लेकर रंजिश चल रही थी। गांव के ही राम सिंह राठौर दूसरे पक्ष के लोगों की ओर से गवाह थे। इस कारण से कोमल आदि लोग उससे रंजिश मानते थे। उक्त लोगों ने राम सिंह को जानमाल की धमकी भी दी थी। 15 अप्रैल 2016 की रात करीब साढे नौ बजे राम सिंह राठौर अपनी गाय को बांधने के लिए घर के बाहर गली में जा रहे थे तभी उक्त लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और कुल्हाड़ी मारकर उनकी हत्या कर दी।

इस सम्बंध में मृतक की पुत्री सजनी ने कोमल सिंह, छोटे, चंदन व दिनेश शर्मा के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलिस ने चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा साक्ष्यों व गवाहों को पेश किया गया। सुनवाई के दौरान कोमल सिंह की मौत हो गई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने छोटे, चंदन व दिनेश शर्मा को हत्या का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# सदैव निःस्वार्थ भाव से दोस्ती होनी चाहिए : किशोरी

**महेवा, इटावा।** कस्बा महेवा स्थित फूलबाग में श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पूनम शास्त्री ने सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि आज के युग में दोस्ती स्वार्थ पूर्ण होती जा रही है। सुदामा ने अपनी दरिद्रता होने के बाद भी अपने मित्र श्री कृष्ण भगवान से कभी भी कुछ भी नहीं मांगा।

उन्होंने कहा कि जो लोग मित्र के दुःख से दुःखी नहीं होते, उन्हें देखने से ही बड़ा पाप लगता है। कथा के माध्यम से कहा कि दोस्ती निस्वार्थ भाव से होनी चाहिए। कथा के दौरान श्री कृष्ण-सुदामा के मिलन की सजीव झांकी सजाई गई। उन्होंने रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। परीक्षित शिव शंकर यादव और उनकी धर्मपत्नी मालती देवी, अरुण यादव, अनिल यादव, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, अभिषेक यादव, अमोल सिंह यादव, सपा नेत्री सरिता यादव, राकेश यादव, सन्टूसिंह, यशपाल यादव, सहकारी समिति अध्यक्ष गंभीर सिंह, ममता मिश्रा, रमेश बाबू, विजय यादव, प्रशांत सविता मौजूद रहे। आयोजक मंडल के सदस्य अरुण यादव ने क्षेत्रीय पत्रकारों का सम्मान किया।

# हज ट्रेनिंग शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अंजुमने हुसैनिया कमेटी के बैनर तले एक होटल में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत हाफिज मोहम्मद कैफ ने की।

कारी शहवाज कादरी ने नात शरीफ पेश की। शिविर में कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी एवं मौलाना जाहिद रज़ा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज तक की पूरी प्रक्रिया समझाई। शिविर में इटावा सहित ओरैया, मैनपुरी, कन्नौज, जालौन, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, भिंड, ग्वालियर, मुरैना आदि जनपदों से हज यात्रियों ने हज प्रशिक्षण में भाग लिया।

शिविर मौलाना जाहिद रजा की अध्यक्षता और मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी की देखरेख में आयोजित हुआ। शिविर का संचालन नदीम अहमद एड. ने किया। शिविर में प्रमुख रूप से हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, कारी सरफराज इसी क्रम में बाह अड्डा स्थित मंसूरी वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी गुड्डू मंसूरी के आवास पर कानपुर से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में हाजी गुड्डू मंसूरी, शफी अहमद बालक, हाजी हबीब वारसी, हाजी लड्डन, मो. जब्बार, सतीक मंसूरी, शाहनवाज आलम, राजू मंसूरी, मो. अनीस मुन्ना, शकील अहमद, मसूद तैमूरी, शावेज़ नक़वी, इंतजार अहमद, हाजी समी उद्दीन मंसूरी, हाजी मो. अल्ताफ, हाजी मसरूर अहमद, नफीस अहमद, गुड्डू आदि मौजूद रहे।


हज ट्रेनर का स्वागत करते हाजी गुड्डू मंसूरी व अन्य। अमृत विचार

- हाजी गुड्डू मंसूरी के आवास पर हज ट्रेनर का हुआ स्वागत

# अतिक्रमणकारियों से खाली कराया फुटपाथ

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** प्रमुख मार्ग की पटरियों पर अतिक्रमण है। इसके चलते पैदल यात्रियों के लिए बने फुटपाथ गायब होते जा रहे हैं। सड़क पर पैदल यात्रियों के चलने के कारण न सिर्फ दुर्घटना का भय रहता है, बल्कि जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है।

सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए सन्दूक, कुर्सियां आदि डालने वालों से स्थान खाली कराया। कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें छोड़कर लापता हो गए तो पुलिस ने सड़क पर सजाया गया समान स्वयं हटाया। इस दौरान कुछ लोगों पर कार्रवाई भी की गई है।


सड़क पर रखा सामान हटाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## जगराता की धूम...



**बकेवर (इटावा)।** कस्बा लखना के मुहाल ढाकुरान स्थित श्रीरामजानकी मंदिर प्रांगण में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में कालिका मां म्यूजिकल ग्रुप ने देवी जागरण का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन फूड इंस्पेक्टर अवनीश यादव ने किया। मां कालिका म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों की डायरेक्टर दिव्यांशी ने खाटू श्याम बाबा का प्रचलित गीत साथी हमारा कौन बनेगा, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा गाकर शमा बांध दिया। बुंदेलखंड से आये श्याम दीवाना ने आते ही अपने भजन में लगा है, दरबार मैया का भजन सुनाकर लोगों को थिरकने को मजबूर किया। अवनीश यादव और उनकी पत्नी रेनू यादव ने हवन पूजन किया। जागरण में लेडीज सिंगर जया रसूलाबाद, शिवकांत दुबे, संचालनकर्ता दीपू ने देवी भक्तों को फूलों व रंग गुलाल की होली खेलने के साथ मां के दरबार में थिरकने को मजबूर कर दिया। कमेटी के पदाधिकारी मिन्टू यादव, भीम शर्मा, पारुल सभासद, बृजेश शर्मा, मनोज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, हर्षित महेश्वरी, संजय कुशवाहा, अन्ना यादव, रमेश यादव, रमेश पाल, रामू श्यामू यादव, वैभव राठौर, मनीष कुशवाहा, शिवम शर्मा, रेशू शर्मा, राजेश कुशवाहा, सहित तमाम अन्य सदस्य उपस्थित रहे। • अमृत विचार

# कोयला लदी ट्रेन की दो बोगियों से उठा धुआं

संवाददाता भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी कोयला लदी एक मालागाड़ी की दो बोगियों में आग लग गई। मालगाड़ी कानपुर जा रही थी। बोगी से धुआं निकलता देख रेलवे, जीआरपी और आरपीएफ के साथ रेलवे कंट्रोल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

भरथना रेल प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन सहित फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। इसके आग पर काबू पा लिया गया। भरथना स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सुबह स्टेशन की अपलाइन पर खड़ी कोयला लदी मालगाड़ी के ऊपर से गुजरी रेलवे की विद्युत ओएचई लाइन की चपेट में आने से एक बंदर की जल कर मौत हो जाने के दौरान विद्युत लाइन से गिरी जिंगारी से बोगी में भरा कोयला सुलगने लगा। काला धुआं निकलने लगा। फायरबिग्रेड ने पहुंचकर बोगियों के कोयला में धधकती आग को बुझाया।


मालगाड़ी में लदे कोयले में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# मोदी सरकार ने देश का मान बढ़ाया

**बकेवर, इटावा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजी हरी किशोर तिवारी ने कस्बा बकेवर में बैठक की। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी एवं आकाश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने जा रहा है। राम जन्मभूमि पर भव्य राम लला के मंदिर बनाना हो या कश्मीर से धारा 370 हटाना हो। मोदी सरकार हर मोर्चे पर आगे बढ़ते हुए इन मुद्दों को हल किया है।

सह संयोजक श्रम प्रकोष्ट नीरज मिश्रा ने कहा कि सभी को एक साथ मिलकर भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करना है। पूर्व भरथना विधायक सावित्री कठेरिया, मंडुके त्रिपाठी, शशी कान्त त्रिपाठी, रेड्डी शर्मा, तरुण तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनुयायियों ने बाबा साहेब को किया नमन

संवाददाता भरथना(इटावा)

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पुराना भरथना में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर तिलक वंदन कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विधायक राघवेन्द्र गौतम, चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू, भाजपा नेता दीपकनाथ चौधरी बद्री, सभासद शिवराम सिंह यादव, राजेश यादव पंडा, अनिल दीक्षित, प्रधान आपेन्द्र कुमार, विजयेन्द्र तिमोरी, सुदामा लाल दोहरे, भोला चक, धीरज चक, राजकुमार भारती, मनोज चक, अशोक दोहरे मौजूद रहे।

**बकेवर में भी दी गई श्रद्धांजलि:** बकेवर। आधुनिक भारत के संविधान निर्माता डा भीमराव आंबेडकर की जयंती लखना बकेवर नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाई गई। बकेवर कस्बे में इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ धम्मविजय भंते ने आंबेडकर व महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

शोभायात्रा के दौरान पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार दोहरे, भाजपा नेता डां संजय दीक्षित, डा. धर्मेन्द्र, डा भूरे बृजेश, राज नारायण बौद्ध, राम शंकर, कमल कान्त, विकास रमन, गौरव राम बाबू, सौरभकुमार, आशीष, डॉ. आदित्य कुमार मौजूद रहे।

- बकेवर कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह किया गया स्वागत

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**महेवा, इटावा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती महेवा में विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई गई। नवनिर्मित आंबेडकर पार्क में भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने माल्यार्पण किया। ग्राम प्रधान कुमुद सिंह की तारीफ की। इस दौरान प्रदीप तिवारी, मीनाक्षी चौहान, उपाध्यक्ष अरविंद ऋषी श्वर, शिक्षक अनिल कुमार, कृष्णकांत तिवारी, गौरव तिवारी, अजय जादौन, सेक्टर इंचार्ज ओमदत्त तिवारी, यतेंद्र दोहरे पी पी, हरगोविंद दोहरे, संजीव पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। ग्राम बहेड़ा स्थित पार्क में ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह सेंगर, सुरजन सिंह पाल, गोपाल सेंगर, सोहित दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अखिलेश यादव पहुंचे सैफई, आज डिंपल का भराएंगे पर्चा

**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार शाम चार बजे सैफई पहुंचे। मंगलवार को मैनपुरी लोकसभा से सपा प्रत्याशी पत्नी डिंपल यादव के नामांकन में मौजूद रहेंगे। डिंपल यादव का नामांकन मंगलवार को मैनपुरी जिला अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। जहां राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप सहित परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। नामांकन के एक दिन पहले सोमवार दोपहर बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव गाजियाबाद से हवाई जहाज से सैफई हवाई पट्टी पर पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से सैफई स्थित आवास पर पहुंचे जहां बड़ी संख्या में पहुंचे आसपास की जनपदों से पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अपने-अपने बूथ को मजबूत करने के निर्देश दिए। सैफई में समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर सुबह 8 बजे हवन-पूजन होगा। इसके बाद सड़क मार्ग से सांसद डिंपल यादव का काफिला मैनपुरी के लिए प्रस्थान करेगा।

### भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, किसान व महिलाओं की चिंता

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी ने युवा, किसान, गरीब, महिला सभी की चिंता की है और सभी के लिए योजनाएं बनाई हैं। उन योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित कराया जा रहा है जहां तक जिला स्तर पर रोजगार की बात है बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर इटावा में बनाए जा रहे कारीडोर से जिले के बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। ये बातें भारतीय जनता पार्टी संगठन की जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर इटावा के आसपास करीब 1250 हेक्टेयर जमीन में कॉरिडोर बनाया जा रहा है जिसमें उद्योग लगेंगे और इनमें युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने युवा, गरीब, किसान और महिलाओं की चिंता की है और भाजपा का संकल्प पत्र इन्हीं को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 70 साल के लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी तथा अन्नू गुप्ता, रोहित शाक्य, गोविंद दुबे, मुकेश यादव, रोहित चौधरी मौजूद रहे।

### युवक पर दुष्कर्म का आरोप, एसएसपी से शिकायत

**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने ही गांव के एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। सोमवार को एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में महिला ने आरोप लगाया कि बीती रात को उसके पति घर पर नहीं थे। तभी करीब रात को कुंडी खटखटाने की आवाज आई और उसने सोचा कि उसके पति वापस आ गए यही सोच कर कुंडी खोल दी। सामने गांव के दो युवक तमंचा लिए खड़े थे। तमंचा से डराकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। तभी उसके पति आ गए। उनके आने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट की। तभी उसने डायल 112 पर फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस एक युवक को पकड़ कर थाने ले गए। आरोप है कि थाना पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसने एसएसपी से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**इटावा।** थाना ऊसराहार में इसी क्षेत्र के गांव गिरधरपुरा में रहने वाले विवेकानंद ने मैनपुरी में थाना किशनी क्षेत्र के गांव राऊपुरा के रामवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि 10 अप्रैल को शाम साढ़े छह बजे पिता सरनाम सिंह दिवाकर खेत में फसल काटकर घर आ रहे थे। रास्ते में रामवीर ने बाइक लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारकर घायल कर दिया, इलाज के दौरान सैफई मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति पर मारपीट का लगाया आरोप

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना कस्बा के सुभाष नगर निवासी नीरज यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सुबह पति संतोष यादव ने गर्म चाय ऊपर डाल दी है। रोका तो गाली गलौज कर मारपीट की है। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

**तैयारी** इटावा लायन सफारी में अब पर्यटक जेसिका, हीर और गीगों को भी देख सकेंगे

# अब उम्रदराज शेरों के भी कराए जाएंगे दीदार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क की लायन सफारी में अब पर्यटकों को उम्रदराज शेरों के दीदार कराने की तैयारी चल रही है। इसके लिए तीन और शेरों जेसिका, हीर और गीगों के दीदार भी सफारी के पर्यटकों को कराए जाएंगे। अभी पांच शेरों के दीदार कराए जा रहे हैं। जेसिका ने सफारी में आठ शावकों को जन्म दिया है।

सफारी में जेसिका के बच्चे शिम्बा, सुल्तान, भरत, रूपा, सोना, गार्गी एवं नीरजा अब दूसरी पीढ़ी को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। हीर एवं गीगो से कोई भी शावक इटावा सफारी पार्क में उत्पन्न नहीं हुआ परंतु यहां के वातावरण में ये स्वस्थ जीवन यापन कर रहे हैं। इटावा सफारी पार्क में वर्तमान में कुल 15 बब्बर शेर हैं, जिनमें सात नर व आठ मादा हैं। इनमें हीर नामक शेरनी सबसे उम्रदराज है। जिसकी उम्र लगभग 16 वर्ष है जबकि गीगो नामक बब्बर शेर एवं जेसिका नाम की शेरनी की उम्र 15 वर्ष है। इन तीनों में वृद्धावस्था के लक्षण परिलक्षित होने लगे हैं परंतु इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा इन तीनों शेरों को विटामिन एवं अन्य जरूरी अनुपूरक दवाएं समय-समय पर दी जा रही हैं।


लायन सफारी में मौजूद शेर। अमृत विचार

### 14 से 16 साल का होता है जीवनकाल

**इटावा।** बब्बर शेरों का अपने प्राकृतवास में जीवनकाल औसतन 14 से 16 वर्ष का होता है जबकि प्राणी उद्यान, सफारी में इनकी आयु 20 वर्ष तक हो सकती है। नर शेरों की अपेक्षा मादा शेरों की औसत आयु कम होती है। इंसानों की तरह बब्बर शेरों में भी बढ़ती उम्र के साथ वृद्धावस्था के लक्षण दिखने लगते है। बब्बर शेरों में 12-13 साल की उम्र के बाद प्रकट होने वाले लक्षणों में कैनाइन दांतों में पीलापन बढ़ना, आंखों से चमक का कम होना, त्वचा में ढीलापन, निचले होंठो में लटकाव एवं स्फूर्ति में कमी आना शामिल है।

# भाविप के पदाधिकारियों ने संभाले अपने दायित्व

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कार्यकारणी के साथ प्रकल्पों के संयोजकों ने ली शपथ

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के नए पदाधिकारियों ने अपने दायित्व संभाल लिए हैं। इसके साथ ही प्रकल्प संयोजकों को भी एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमे परिषद के कार्यक्रमों को और विस्तार देने की बात भी कही गई।

नये सत्र के लिए निर्वाचित इंद्र नारायण पांडेय अध्यक्ष, राजीव लोचन दीक्षित सचिव, राज शेखर तिवारी कोषाध्यक्ष, निखिल चौधरी संगठन सचिव, शैलजा पाठक महिला संयोजक के साथ ही 25 सदस्यों को विभिन्न प्रकल्पों के संयोजकों शपथ दिलाई गई। शपथ अधिकारी सत्य प्रकाश उपाध्याय प्रांतीय उपाध्यक्ष ने शपथ दिलाई।

डॉ. कैलाश यादव अध्यक्ष तुलसी शाखा, अवधेश सविता तुलसी शाखा, रोहित चौधरी कोषाध्यक्ष मित्र शाखा, श्यामला पांडेय और विनय कुमार पांडेय धर्मार्थ शाखा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार मिश्रा ने किया इससे पूर्व मुख्य अतिथि उमेश चंद्र शुक्ला सेवा निवृत्त उप जिलाधिकारी, विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, विवेक कुलश्रेष्ठ, संजय मिश्रा, जगदीश प्रसाद पांडेय ने भारत माता और स्वामी विवेकानंदजी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

## संपादकीय

# वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए, भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

# एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकराज आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए, यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है, वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है, लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

> भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# धर्म और तिकड़म का समन्वय



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए, पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है, पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड, जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं, वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है, पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में, उनके निर्यात में हम काफी आगे थे, पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था, पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी, एक अच्छी कंपनी की दवा ली, कोई सुधार नहीं हुआ, फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए, बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है, इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है, पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े, आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें, क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

# जीवन से कटी हमारी शिक्षा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है, उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी, जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है, इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है, जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं, लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं, लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है, उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर, समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें, लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है, इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे, उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी, बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो, इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है, इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है, हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें, यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है, उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है, इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं, इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

## सोशल फोरम

# करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है, इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने, शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने, नागार्जुन ने, भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं, उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही, जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं, मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

# बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं, उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र, पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है, पता चला, एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो, उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया, उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति, मान-अपमान का इतना गंभीरबोध, भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश, मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है, उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं, सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं, नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं, उस पर दौड़ ही लगाते हैं, जिस भाव का अवलंबन करते हैं, उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता, भाग्य, पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे, मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

# देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



## रेल दिवस



डॉ. विकास खुराना
शाहजहांपुर

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी, जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों, बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली, तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान, सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906, 1907, 1916, 1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं, रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम, क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

# दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे गए, 22 किलो गांजा बरामद

## ओडिशा से लाकर प्रदेश के कई जनपदों में करते थे सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया



प्रेस कांफ्रेंस करतीं एसपी चारु निगम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिबियापुर पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 22 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत तीन लाख, तीस हजार रुपये बताई जा रही है।

थाना दिबियापुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अजमतपुर पुलिया के पास से रात में करीब एक बजे दो आरोपी रूपेन्द्र कुमार यादव उर्फ छोटे पुत्र भारत सिंह यादव निवासी ग्राम अजमतपुर, थाना दिबियापुर व संतोष कुमार पुत्र शिवनाथ यादव निवासी ग्राम साहबापुर बेवन, थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान एक ट्राली बैग में रखा 24 पैकेट गांजा बरामद किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ओडिशा के संबलपुर सिटी से गांजा खरीद कर उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया, कानपुर देहात व आसपास के जनपदों में अधिक दामों में बेंचकर मुनाफा कमाते हैं। आरोपियों के खिलाफ औरैया व कानपुर देहात में कई मुकदमें दर्ज है। पुलिस टीम को एसपी चारु निगम के द्वारा 25 हजार का इनाम भी दिया गया।



तस्करों से बरामद गांजा। अमृत विचार

# तीन महीने से एआरटीओ में फंसा गबन का मामला

संवाददाता ककोर, औरैया

- चुनावी व्यस्तता का हवाला देकर जांच में की जा रही देरी

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के परिवहन विभाग में वाहन चालान की जमा राशि के गबन मामले में 3 माह बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक विभाग व बैंक से कोई भी ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं जांच कर रही कानपुर के आरटीओ कार्यालय की टीम के सदस्य तारीख बढ़ा रहे हैं। जबकि गबन हुई कुल रकम को निश्चित करते हुए दोषियों को स्पष्ट करने में 90 दिन का समय बीत गया। अब चुनावी दौर में यह मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

5 जनवरी को भाऊपुर निवासी शिवाकांत पाठक व उसकी पत्नी की मौत के बाद सुसाइड नोट से आरटीओ कार्यालय में गबन का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद एक सप्ताह तक दफ्तर में हड़कंप मचा रहा। कानपुर से आई आरटीओ की टीम ने इस मामले की जांच शुरू भी कर दी थी। लेकिन ककोर मुख्यालय में एआरटीओ कार्यालय में लगातार दस्तक देने के बाद भी अभिलेखों को खंगाला गया। काफी कुछ कागजात लेखाकार ललित बाबू द्वारा गबन की चर्चा संलिप्त रही। वहीं आरटीओ अशोक कुमार ने इस मामले को लेकर दिबियापुर थाना में बाबू के खिलाफ दस्तावेज गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन सभी जांच में 3 माह से अधिक समय बीत चुका है लेकिन गबन की कुल धनराशि को लेकर दोषियों पर कार्रवाई की तस्वीर स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

जांच टीम के सदस्य ने भी लोकसभा चुनाव में अपनी व्यस्तता का हवाला दे दिया है। लेखा अधिकारी आरटीओ कानपुर प्रदीप कुमार ने बताया ककोर एआरटीओ ऑफिस के कागजातों का मिलान जारी है। फिलहाल अभी लेनदेन का मामला स्पष्ट नहीं हो सका है। चुनाव के चलते व्यस्तता बढ़ गई हैं और सभी कार्य प्रभावित है। इसलिए अभी समस्त धनराशि को बताने में कुछ समय लगेगा।

# युवाओं और किसानों के हित का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। उनका विजन ही हमारा मिशन है। सोमवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में संकल्प पत्र को लेकर पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गांव-गरीब मोदी की गारंटी का आधार है। युवा, महिला, गरीब और किसान के हित में है संकल्प पत्र, बिजली बिल जीरो करने पर जोर है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। सात चरणों में होने वाले चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को है। इटावा लोकसभा में 13 मई को मतदान होगा। इस लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है। 2014, 2017, 2019 और 2022 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा ने घोषणापत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र जारी किया था।



प्रेस वार्ता करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा जिला कार्यालय में की प्रेस वार्ता

जिन चार आधार स्तंभों को लेकर भाजपा चुनाव में उतरी है, उनमें युवा, महिला, गरीब और किसान के हित का संकल्प है। उन्होंने कहा तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान के जरिए 5 लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा।

उन्होंने कहा कि वन नेशन और वन इलेक्शन की प्रतिबद्धता को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प पत्र में जगह दी है। गरीबों के लिए पीएम सूर्य, हर घर बिजली मुफ्त योजना को भी बढ़ाकर बिजली बिल जीरो करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ किसानों को पीएम किसान निधि योजना का लाभ दिया गया। ओरैया जिले में आधुनिक मेडिकल कॉलेज, रोडवेज बस अड्डा सहित कई कार्य हुए है।

प्रेस वार्ता मे कानपुर-बुंदेलखड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता चुन्नू, औरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, नमामि गंगे के जिला संयोजक सोनू सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



न्यायाधीशों को स्मृति चिह्न देते अधिवक्ता। अमृत विचार

# न्यायाधीशों को दी गई भावभीनी विदाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सोमवार को जनपद न्यायालय औरैया में स्थानांतरण हुए अधिकारियों को विदाई दी गई जिसमें जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रतीक चिन्ह देकर उनके कार्य को सराहा और भविष्य की शुभकामनाओं के साथ जनपद न्यायालय में किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की।

जनपद न्यायालय में अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह का स्थानांतरण हरदोई के लिए हुआ तो वहीं सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी दिवाकर जी का स्थानांतरण बाराबंकी के लिए किया गया। जनपद न्यायालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र राजपूत ,अशोक अवस्थी, देवेंद्र त्रिपाठी , सुनील दुबे शामिल रहे।

# प्रजातंत्र से नाता है, जागरूक मतदाता है

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्राम उमरी में रैली निकल गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने लोकतंत्र में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि समस्त विद्यार्थी अपने-अपने परिवार और अपने आसपास के समस्त मतदाताओं को मतदेय स्थल पर पहुंच कर मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यश कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला स्काउट प्रभारी रजनीश कुमार तथा गाइड प्रभारी अनुपमा शर्मा ने भी संबोधित किया। इसके पश्चात ग्राम उमरी में मतदाता जागरूकता हेतु एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने चाचा चाची रखें ध्यान जरूर करें मतदान, देश का है भाग्य विधाता जागरूक मतदाता, पहले मतदान फिर जलपान, प्रजातंत्र से नाता है जागरूक मतदाता है आदि नारों के जरिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।




मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- मतदाता जागरुकता के लिए गांव-गांव निकालीं रैलियां

डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. हिमांशु, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. योगेश कुमार मिश्रा, डॉ. मृदुल पांडे, डॉ. महेंद्र तिवारी, डॉ. गजेंद्र यादव, डॉ. अनुज मिश्रा, डॉ. श्याम नारायण मौजूद रहे।

# गर्मी में पशु-पक्षियों का भी रखें ख्याल

**औरैया।** सूर्य की तपन दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इस कारण तापमान भी बढ़ता जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने भी इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया है। भीषण गर्मी के कारण तालाब, पोखरों और नालियों का भी पानी सूख जाता है, जिसके कारण पशु पक्षियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी का जल स्तर गिर जाने से हैंडपंप भी काम करना बंद कर देते है। इन परिस्थिति में ईश्वर द्वारा मानव जाति की असली परीक्षा ली जाती है। समाजसेवियों का कहना है कि हम सभीका कर्तव्य और धर्म है कि इन वे सहारा जीवों की रक्षा करें। पानी के अभाव में कभी कभी पशु पक्षियों की जान भी चली जाती है और उन्हें देखकर कठोर व्यक्ति का हृदय पिघल जाता है। ऐसी स्थिति न आवे यदि सभी मिलकर गर्मियों में इन्हें बचाने का प्रयास करें।

## सार-संक्षेप



स्वागत करतीं जायंट्स ग्रुप की महिलाएं। अमृत विचार

### आंबेडकर जयंती पर जायंट्स ग्रुप ने निकाली रैली

**औरैया।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेलियों ने भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर दिबियापुर नगर में निकल रही एक रैली में अध्यक्ष संध्या अवस्थी ने रथ पर बैठे डॉ. भीमराव आंबेडकर जी को माला पहन कर उनका स्वागत किया। ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी रथ पर बैठे सम्राट अशोक आदि का भी सम्मान किया एवं सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की। रैली में लगभग 300 से ज्यादा लोग थे। सभी के लिए फ्रूटी पेठा, पानी, बिस्कुट, समोसा, आदि की व्यवस्था थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर पूनम पुरवार,फेडरेशन ऑफिसर रेनू सिंह, संरक्षक बीना गुप्ता, डीओ डॉक्टर सपना गुप्ता, डीओए रोली गुप्ता, पूनम गुप्ता, सिंगारिका, प्रीति अग्रवाल, रितु गुप्ता, अर्चना पोरवाल एवं राधा वर्मा आदि सहेलियों का सहयोग रहा।

### ड्यूटी के लिए निकले सफाई कर्मचारी की मौत

**अजीतमल।** ग्राम पंचायत सैदपुर के राजस्व के ग्राम सुजनीपुर में सफाई कर्मचारी राजीव कुमार की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। सोमवार सुबह ड्यूटी के लिए राजस्व ग्राम में सफाई कार्य हेतु जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनो ने जिला चिकित्सालय औरैया में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संघ के जिला अध्यक्ष मौके पर पहुंचे उनके परिवार के बीच में आकर पूर्ण रूप से आश्वासन दिया कि जिला स्तर से जो भी आवश्यकता होगी, संगठन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। साथी रमेश चंद्र विश्वासी जिला उपाध्यक्ष विकासखंड अजीतमल, एवं विकासखंड अजीतमल के साथी कर्मचारी भाई एवं विकासखंड अछल्दा के कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

### मौसम विभाग का रेड अलर्ट, आज और कल बारिश संभव

**औरैया।** अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह के देखरेख में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने आमजनमनस के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी किए जा रहे मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यह संभावना है कि जनपद में आगामी 1-2 दिनों में तेज हवाएं एवं वर्षा हो सकती है। इसको देखते हुए किसान साथियों एवं जनसमुदाय को एडवाइजरी देते हुए कहा कि अपनी फसल को सुरक्षित कर लें। खेतों में कटी फसल को न छोड़ें, बिजली के तारों के नीचे गेहूं के गट्ठर न छोड़ें,पशु चारे व भूसा आदि को ढक कर रखें।

### पैनल लॉयर और पैरा लीगल वालंटियर को प्रशिक्षण

**औरैया।** जनपद न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य के निर्देशन में जनपद न्यायालय सभागार कक्ष में पैनल लॉयर व पैरा लीगल वालंटियर के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेल में निरुद्ध बंदियों को नालसा द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सिविल जज सीनियर डिवीजन स्वाती चन्द्रा ने यूटीपी के 14 बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने सीआरपीसी की धारा 436-ए, एनडीपीएस एक्ट की धारा 36-ए के साथ संहिता की धारा 167 (2) (ए) (1) और (2) के तहत जमानत पर रिहा होने के पात्र बंदियों तथा बीमार व अशक्त बंदियों के लिए दी जाने वाली सहूलियतों का जिक्र किया। इटावा जिला कारागार के जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह भदौरिया ने बंदियों को जेल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

### पंचमुखी शिव मंदिर में शरबत का वितरण

**औरैया।** चैत्र नवरात्र का सातवां दिन माता कालरात्रि को समर्पित किया गया है। नवरात्र के अवसर पर श्री पंचमुखी शिव मंदिर सहायल तिराहा, दिबियापुर के पूर्व संरक्षक एवं व्यवस्थापक और सलिल बिश्नोई के छोटे भाई समीर विश्नोई की पुण्यतिथि पर सोमवार को मंदिर पर शरबत बांटा गया। पुजारी देवेंद्र तिवारी,मंदिर के सहयोगी अजय गुप्ता पैराडाइज, संदीप विश्नोई, वीरेंद्र कुमार, कुलदीप पोरवाल, मोनू गुप्ता, रामू गुप्ता, अशोक गुप्ता, गोलू गुप्ता, सोनू कुमार आदि भक्त मौजूद रहे।

# क्रॉसिंग पर एक घंटे लगा रहा लंबा जाम

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के दिल्ली-हावड़ा रूट पर 13बी क्रॉसिंग पर फाटक में तकनीकी खराबी आ जाने से फाटक नहीं खुल सका। इसके चलते दोनों तरफ भयंकर जाम लग गया। गेटमैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे रेल कर्मियों ने फाटक को करीब एक घंटे बाद सही किया और फाटक खोला गया। कस्बा के 13बी क्रॉसिंग पर सोमवार दोपहर लगभग पौने दो बजे गेटमेन ने फाटक बंद कर दिया। ट्रेन के निकलने के बाद गेटमेन ने फाटक खोला लेकिन तकनीकी खराबी के कारण फाटक न खुल सका। गेटमैन ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे रेलकर्मियों ने इमरजेंसी बूम लगाकर एक घंटे बाद 3 बजे फाटक को सही किया और फाटक को खोला गया। फाटक बंद रहने से अछल्दा, बिधूना, फफूंद मार्ग पर जाम लग गया। आरपीएफ ने जाम खुलवाया।

# दबे और कुचले लोगों के मसीहा थे बाबा साहेब

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान अमरेश पांडये मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने बताया कि बाबा साहेब दबे, कुचले लोगों के मसीहा थे। डॉक्टर अंबेडकर ने अपने पूरे जीवन भर समाज के शोषित पिछड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए संघर्ष किया और हमेशा समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया।

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक दीक्षा गुप्ता, वंदना पोरवाल, राजेश, रुनम मिश्रा, रागिनी सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।




डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय व अन्य।




छात्र-छात्राएं ने स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक। अमृत विचार

# बच्चों को बताए आग से बचाव के उपाय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शेमफोर्ड स्कूल में मनाया गया अग्निशमन सेवा सप्ताह

**अमृत विचार।** शहर के शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल में सोमवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिसमें अग्निशमन से फायर मैन गौरव शाक्य, अतुल कुमार, अजय कुमार एवं गजेंद्र पाल, सहित सभी ने शेमफोर्ड के विद्यार्थियों को आपदा आने पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए के विषय में समझाते हुए उन्होंने बच्चों को भविष्य में अग्नि शमन जैसी आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए। बताया कि मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 में माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास में 66 दमकलकर्मी शहीद हो गए थे। तभी से शहीदों की याद में हर साल 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने ने अग्नि शमन से बचाव के उपाय भी बताए और कहा कि आग से घिर जाने पर खिड़की, दरवाजों आदि पर जाकर शोर मचाकर बाहर के लोगों से मदद मागें, अपने कपड़ों में आग लगने पर भागे नहीं, जमीन पर लेट कर अथवा कंबल लपेट कर उसे बुझाने की कोशिश करें।

बच्चों ने भी स्लोगन, पोस्टर व व्याख्यान के माध्यम से अग्नि शमन सेवा सप्ताह के विषय में सभी को जागरूक कर दिखाया व बताया कि आपदा आने पर उससे निपटने के लिए वे किस तरह के और कौन-कौन से जरूरी कदम उठाएंगे।

धर्म-अध्यात्म | बाबरपुर रोड पर श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन

# धन को परमार्थ में लगाना चाहिए

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर में बाबरपुर रोड पर स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक आचार्य पंडित अमित कुमार तिवारी (छुन्ना पंडित जी महाराज)ने रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है।

इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया। उसे ही परास्त होना पड़ा है।



आचार्य पंडित अमित कुमार तिवारी।

रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उसे दर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया।

कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है,तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है।

# भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष : भुवन प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सोमवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिबियापुर विधानसभा के भाजपा के सभी बूथ अध्यक्षों के साथ एक सम्मेलन कमला मैरिज हाल दिबियापुर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में उपस्थित दिबियापुर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को मतदाताओं से संपर्क करना है। 13 मई को मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदान कमल के निशान पर करवाने के लिए आग्रह करना है।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक लाखन सिंह राजपूत ने कहा केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार डबल इंजन बतौर लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं पर खरी उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों की इस परीक्षा की घड़ी में अपने अपने बूथ को सशक्त बनाना है और भारी मतों से प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया को जिताना है। लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों को मेहनत कर अपनी अपनी बूथ निष्ठापूर्वक जिताना है।



सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

- दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन

भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने सभी बूथ अध्यक्षों और भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के अब मात्र 25 दिन शेष रह गये है अतः चुनाव की गतिशीलता को अब बढ़ाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के सेनापति और राजदूत बूथ अध्यक्ष है और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं।

उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। इससे पूर्व भाजपा का दिबियापुर विधानसभा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन नीलकंठ अतिथि गृह में इटावा सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रो रामशंकर कठेरिया के द्वारा हवन पूजन के उपरांत उद्घाटन हो गया।

सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री कौशल किशोर राजपूत ने किया। सम्मेलन में इटावा लोकसभा संयोजक एवं ब्लाक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडेय, शरद राना ब्लाक प्रमुख अछल्दा, गोपीचरन वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य, अरूण कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य, इंद्रपाल सिंह पाल, विधनसभा संयोजक सरनाम सिंह, जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह गौर, जिला महामंत्री शिव सिंह भारती, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा,भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ राजपूत,मन मोहन सिंह सेंगर जिला महासचिव अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ औरैया, नरेश कठेरिया, कमलेश अवस्थी, महामंत्री कुलदीप दुबे, ,भगवती प्रसाद दुबे, नरेश पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा, मंजू चौहान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रृद्धा मनु चौहान के अलावा बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं और महिलाएं मौजूद रहीं।

# हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

**छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा**

बाड़मेर जैसलमेर क्षेत्र



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

## भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुनः मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।

### कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

### मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व.जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

### 6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4.5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2.7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6.5 लाख है। एससी- एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

**तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।**

# अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

**1991**

1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

**मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा**





**02**

ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

### 2019 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम | 6,56,215 | 56.80 |
| बसपा | डॉ. अजीत बलियान | 4,26,954 | 37.10 |
| कांग्रेस | विजेंद्र सिंह | 50,880 | 04.50 |

### 2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.65% | 23.90% | 15.10% | 1.95% |

### 2014 का जनादेश




### बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

### विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

#### 1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा :** अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण :** अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

**20 लाख**

**मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक**

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3.50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2.5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1.5 लाख ब्राह्मण और एक-एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

## प्रत्याशियों का प्रोफाइल

### चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

### सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

### हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

### तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ. बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

**चप्पल मिला चुनाव निशान :** अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

# अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

## रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

## दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

भोपाल

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।



**हम हाथ के साथ** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

# धर्म दर्शन



## मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है, किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है, जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है, उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे, उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले, उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं, जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

## शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमश: कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।



संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव, आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ, तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।

यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुन: प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

## ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे, परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्वभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि, वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा, आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं, किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा, लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है, जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि, स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है, जो ब्रह्मांड में है, वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती, बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं, विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

# प्रदेश

## नमक मोदी की मेहरबानी नहीं आपके टैक्स का पैसा : मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को आयोजित जनसभा में कहा कि देश में कुछ समय से अति गरीब परिवारों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है। ये भी पता चला है कि चुनाव के दौरान भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाते हैं। अपना थैला लटकाते हैं और कहते हैं कि मोदी ने आपको खाद्य सामग्री दी है, दाल दी है, चावल दिया है, और उसके साथ नमक भी दिया है।

आपको मोदी का नमक जरूर हलाल करना है। ध्यान रखना ये नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसमें मोदी की मेहरबानी नहीं है। ये आपका अपना टैक्स का पैसा है, गुमराह मत होना। देश की जटिल समस्या का समाधान राशन से नहीं हर हाथ को काम देने से होगा। हमारी सरकार इसका विशेष ध्यान देगी।



मंच से जनसभा में आए लोगों का अभिवादन करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

▶▶ **बसपा सुप्रीमो ने की मुस्लिम, दलित और पिछड़े मतदाताओं को साधने की कोशिश**

पीलीभीत के बीसलपुर में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान बसपा अध्यक्ष मायावती ने वर्तमान भाजपा और पूर्व की कांग्रेस की सरकारों पर जमकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले अपने बलबूते पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सर्वसमाज को उचित भागीदारी दी है। कहा कि भाजपा व इनके सहयोगी दल केंद्र व कई राज्यों की सत्ता में काबिज हो गए हैं। मगर अब भाजपा की भी जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी -करनी के अंतर से ऐसा लगता है कि केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस होने वाली नहीं है। बशर्ते यदि ये चुनाव फ्री एंड फेयर हो, या फिर आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी आदि न की जाए। भाजपा ने अच्छे दिन के वादे किए और कागजी गारंटी भी दी है। उनका जमीनी हकीकत में अभी तक लगभग एक चौथाई काम भी पूरा नहीं किया है।

## आजम परिवार की ओर से सिब्बल ने कोर्ट में रखा पक्ष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ **फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में अगली सुनवाई अब 22 को**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत ना देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए।

उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। दरअसल रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। मामले में पिता आजम खान और मां डॉ तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में भी बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला आजम के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उनकी सदस्यता रद करने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने अब्दुल्ला की सदस्यता को रद करने का आदेश दिया था। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी हालांकि वहां से अब्दुल्ला को कोई राहत नहीं मिली।

## वर्ग पहेली-41

**बाएं से दाएं**

1. 1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3. 1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5. 1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6. 1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।

**ऊपर से नीचे**

1. छालों से संबंधित

2. 1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3. 1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4. 1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।

### वर्ग पहेली -40 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | णि | त | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| ख़ | ■ | ■ | 3 सं | ■ | भि | ■ |
| 4 स | खा | ■ | चा | ■ | भा | ■ |
| त | ■ | 5 प | रि | जी | वि | त |
| ■ | 6 गि | रि | का | ■ | त | ■ |
| ■ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | 7 बा |
| ■ | 8 धी | र | शां | त | ■ | पू |

## सुडोकू-120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू -119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13 .23 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** – आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**मिथुन** – आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**कर्क** – आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**सिंह** – आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** – आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**तुला** – आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।

**धनु** – आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

**मकर** – आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** – आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मीन** – आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05 .16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
पृथ्वी – सुबह : 08 .35
राम बलराम – दोपहर : 01 .05

**SONY MAX**
थानेदार – सुबह : 11 .00
चेक – शाम : 06 .00

**SONY PIX**
ग्रैन टूरिस्मो – सुबह : 11 .00
वंडर वुमन – रात : 08 .29

**ZEE CINEMA**
हमेशा – सुबह : 10 .20
ऐतराज – रात : 07 .20

**colors CINEPLEX**
दुनिया – सुबह : 11 .18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां – रात : 08 .55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07 .20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## अपनी ढपली अपना राग



लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। – योगी आदित्यनाथ



जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। – अखिलेश यादव



कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। – मायावती



पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। – डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री



पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। –रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)



देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। – रॉबर्ट वाड्रा

# वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

## 30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती थी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस

नीरज मिश्र,लखनऊ



**अमृत विचार:** अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैंचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

### फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च

| लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,800 से 2,100 रुपये |
| पैंट | 1,500 से 1,800 |
| कोटी | 1,200 से 1,500 |

| सेमी लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,000 –1,500 |
| पैंट | 600 – 800 |
| कोटी | 1,000 –1,200 |

| सिलाई | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 400– 450 |
| पैंट | 600–700 |
| कोटी | 800 –1,000 |

### गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन–चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे। ' 'मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने–चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

### कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

### 20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

**लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च :**
उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुडे.हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।



कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।



दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

# सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

## बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा

मनोज कुमार मिश्र, सुल्तानपुर

**अमृत विचारः** लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।



सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

**पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जाः** सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

**चुनेंगे अपना सांसदः** जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा–बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन–मन से लगेंगे।

**बसपाः** सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ–सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।

**सपाः** अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

## सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसाः नन्दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा–हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं। यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।



उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना–अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा ।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ–साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।

# आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| मेनका संजय गांधी | 4,58,281 |
| चन्द्र भद्र सिंह | 4,44,422 |
| अमिता सिंह | 4,1,588 |

| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 9,771 | 5,412 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,10,348 |
| बसपा | पवन पांडेय | 2,31,446 |
| सपा | शकील अहमद | 2,28,144 |
| कांग्रेस | अमिता सिंह | 41,983 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | डॉ. संजय सिंह | 3,00,411 |
| बसपा | मोहम्मद ताहिर | 2,01,632 |
| सपा | अशोक पांडेय | 1,07,895 |
| बीजेपी | सूर्यभान सिंह | 44,425 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | एम.ए. काजमी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1962 | कुँवर कृष्ण वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | गणपत सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | केदार नाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राज करण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996व 98 | देवेन्द्र बहादुर राय | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | जय भद्र सिंह | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | ताहिर खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | संजय सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | मेनका गांधी | भारतीय जनता पार्टी |

**कुल मतदाता- 18,34,355**

**पुरुष मतदाता- 9,54,358**

**महिला मतदाता- 8,79,932**



# निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

### 2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू

### लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर

### इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।



### 2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े




### 2014 में नोटा की स्थिति

| | |
|---|---|
| श्रावस्ती | – 14,587 |
| बहराइच | – 13,498 |
| कैसरगंज | – 11,853 |
| गोंडा | – 7,988 |

### सभी निर्दल उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

### 2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज( पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा( नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

## लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है।



मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ–साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

## चुनावी चक्कर

**अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :**
वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

**हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :**
लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले– मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

| लोकल | मिल डिलीवरी |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2250–2400 |
| आर. आर.21 | 2450–2500 |
| गेहूँफारम | 2550–2600 |
| जौ | 2000 –2100 |
| ज्वार | 2000 –4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200 –2400 |
| चना | 5800 –5900 |
| अरहर | 9000 –10000 |
| मसूर | 5500 –5600 |
| मटर | 3700 –4000 |
| उड़दहरा | 11000 –11800 |
| उड़दकाला | 6000 –8000 |
| मूँग | 8500 –8800 |
| अरहरफूल | 16000–16200 |
| अरहरस्पेशल | 14000–14200 |
| चनादाल | 7400–7500 |
| मटरदाल | 5050–5150 |
| मसूरमलका | 7200–7250 |
| मसूरदाल | 7400–7450 |
| उड़ददाल | 9500– 13000 |
| उड़द धोवा | 10700– 13250 |
| मूँगदाल | 9500 –10500 |
| मूँग धोवा | 10000–11500 |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती न01. | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती न02. | 6500 – 7500 |
| आटा | 1380–1430 |
| मैदा | 1350–1400 |
| सूजी | 1410–1430 |
| लाही | 4800–5100 |
| अलसी | 4500 –4600 |
| अण्डी | 4600 –4700 |
| तिल्ली | 11500– 12700 |
| मूँगफलीदानाषिवपुरी | 9400– 10600 |
| बटाली | 9000 –10200 |
| सेहुआं | 4000 – 4500 |
| सरसोंकोल्हू | 10800–10900 |
| अलसी | 9400–9500 |
| अण्डी | 12700–12800 |
| सोयाबीन | 1580–1585 |
| सरसों | 2400–2450 |
| अलसी | 4300–4400 |
| अण्डी | 1400–1450 |
| बावची | 1525–1527 |
| मयूर | 1525–1527 |
| गुड पन्सेरा | 3500–3550 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 995, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 880
रामपुर : शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450–55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,850 |
| सोना रवा | 74,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर (पक्की) | 823 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,650 |
| चांदी आभूषण | 83,000 |

# मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति

## फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शूल्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।




## मुनाफे को बायजूस ने प्रबंधन में किए रणनीतिक बदलाव

**नई दिल्ली।** बायजूस ने अपने परिचालन को कारगर बनाने और कंपनी को लंबे समय तक सफलता दिलाने के लिए आज एक बड़े संरचनात्मक बदलाव की घोषणा की जिसमें बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन अब बाहरी सलाहकार की भूमिका में होंगे जबकि संस्थापक बायजू रवीन्द्रन दैनिक गतिविधियों पर अब नजर रखेंगे।

कंपनी ने कहा कि इस रणनीतिक बदलाव के तहत बायजूस अपने व्यवसायों को तीन विशेष व्यवसाय इकाइयों में समेट रही है जिसमें द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस एवं ट्यूशन सेंटर और टेस्ट-प्रेप शामिल है। नई संरचना में हर प्रभाग बायजूस के ब्राण्ड और परितंत्र की शक्ति का फायदा उठाते हुए बाजार के अवसरों का लाभ लेने के लिये बेहतर तरीके से सुसज्जित भी होगा।

## वीआई को नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवा शुरू करने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी




दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को छह से नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले सोमवार को यह बात कही।

मूंदड़ा ने कहा कि 5जी सेवाओं को शुरू करना जनता से पूंजी जुटाने के उद्देश्यों में से एक है और एक बार कोष आने के बाद इसे शुरू करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5जी की शुरुआत से अगले 24-30 महीने में कंपनी के कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी। हालांकि, मूंदड़ा ने 5जी सेवाएं कब शुरू की जाएंगी, इसपर कोई विशिष्ट समयसीमा साझा नहीं दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत के लिए 5,720 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। मूंदड़ा ने इसकी शुरुआत किस स्थान से की जाएगी यह जानकारी भी नहीं दी। गौरतलब है कि इसके दोनों प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल और रिलायंस जियो कई महीने पहले ही 5जी सेवाएं पेश कर चुकी हैं। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दी है। एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा।

## ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

## पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। जांच जारी है, अधिक जानकारी बाद में मीडिया के साथ साझा की जाएगी। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की। मुझे नोटिस दिया गया। मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव के बाद इसका जवाब दूंगा। इस घटना के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ क्षेत्र में अपना दौरा रद्द कर शिकारपुर स्थित अपने आवास पर वापस आ गए। नकुलनाथ छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद हैं और उन्हें कांग्रेस ने फिर से उम्मीदवार बनाया है। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा यही एकमात्र सीट जीतने में असफल रही थी। इस बार इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में सुप्रीम कोर्ट 5 अगस्त से करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक जारी रखते हुए कहा कि वह इस मामले में वह पांच अगस्त से सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि इस मामले पर वह अगस्त में विचार करेगी और तब तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगा। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश (सर्वेक्षण पर रोक) जारी रहेंगे। इसके साथ ही हम स्पष्ट करते हैं कि हमने उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। शीर्ष अदालत ने तब यह भी स्पष्ट किया था कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में 14 दिसंबर 2023 को अदालत की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी।

### बीजद में गरिमा और आत्म-सम्मान नहीं, पूर्व सांसद प्रभास भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से कुछ दिन पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की आलोचना की। ओडिशा की बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके सिंह ने कहा कि बीजद में कोई गरिमा और आत्म–सम्मान नहीं बचा है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया। भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा यह मेरे लिए एक खास पल है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हूं। मैंने बीजद का साथ छोड़ दिया है क्योंकि वहां कोई आत्म–सम्मान और गरिमा नहीं बची है।

# 10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

## राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।


तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

### मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

**इम्फाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

## किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।




अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

## भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल


केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

## ईडी के समाने आत्मसमर्पण कर दें खानः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

## कुकी संगठनों ने की चुनाव के बहिष्कार की घोषणा

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** कुकी-जो समुदाय के कुछ संगठनों ने घोषणा की है कि वे संघर्ष प्रभावित राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद 'न्याय नहीं तो वोट नहीं' का आह्वान करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले में दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को तेंगनौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात लोगों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। कुकी समुदाय के लोगों ने घोषणा की है कि वे बहिष्कार के रूप में संसदीय चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतार रहे। वैश्विक कुकी-जोमी-हमार महिला समुदाय ने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर चुनाव बहिष्कार के फैसले की जानकारी दी थी। यह महिलाओं का एक समूह है जिसमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बाहरी मणिपुर के पूर्व सांसद किम गांगटे और दिल्ली में कुकी-जोमी-हमार महिला मंचों के नेता शामिल हैं। इसके बाद कुकी नेशनल असेंबली और कुकी इन्पी नामक संगठन ने भी संसदीय चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की। कुकी नेशनल असेंबली के मांगबोई हाओकिप ने कहा, हम अपने नेताओं के प्रति अपना असंतोष व्यक्त करते हैं।

## अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

# 75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

*लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।*

● चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।



## 2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है।18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

## तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

## ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

## हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

# हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

## 2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

## एक नजर

### अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

### घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।



### नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

**भक्तपुर।** नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

### हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

# ईरान में फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी: जयशंकर

## जंग शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच जारी है बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।



उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए।

शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, "मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।" जयशंकर ने बताया कि उन्होंने (ईरानी समकक्ष) कहा कि हम समझते हैं और हम कोशिश करेंगे और कुछ अच्छा करेंगे।

### ईरान ने इजराइल पर किए हमले में अमेरिका ने 80 ड्रोन किए नष्ट



**वाशिंगटन।** पेंटागन ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने ईरान द्वारा इजराइल पर दागे गए 80 से अधिक यूएवी और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि अमेरिकी यूरोपीय कमांड विध्वंसक द्वारा समर्थित अमेरिकी बलों ने शनिवार और रविवार को ईरान और यमन से इजरायल को निशाना बनाने वाले 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया है। सेंटकॉम ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, "इसमें लॉन्चर वाहन पर एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लॉन्च से पहले जमीन पर नष्ट किए गए सात यूएवी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिरायीं जो ईरान तथा यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।

# तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

# ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

● पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व



अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।

# ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे

**न्यूयॉर्क।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए।

## रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...





**राजकोट:** गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

# मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

# सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।



# गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

● कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

**कपूरथला, एजेंसी**



पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एसएसपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।

# कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

**विज्ञान** हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

# शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।



शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर ।

### समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।